नई दिल्ली
गुरुवार, 6 जून 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 28, अंक : 56
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 45
न्यून. 33

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## अब सशस्त्र बलों को मिलेगी मानसिक स्वास्थ्य सहायता



**नई दिल्ली।** सशस्त्र बलों के लिए समर्पित टेली मानस सेल स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह विशेष टेली मानस सेल देश भर के सभी सशस्त्र बलों के लाभार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता हेल्पलाइन के रूप में काम करेगा। मंत्रालय की आराधना पटनायक और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के महानिदेशक दलजीत सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# दिल्ली, मुंबई आईआईटी दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है।

बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है। आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है। रैंकिंग के संस्करण में 46 विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली प्रतिनिधित्व के मामले में वैश्विक स्तर पर सातवें और एशिया में तीसरे स्थान पर है, जो केवल जापान (49 विश्वविद्यालय) और चीन (मुख्यभूमि) (71 विश्वविद्यालय) से पीछे है। वहीं, दुनिया के शीर्ष 400 संस्थानों में दो और प्रविष्टियां हैं, जिनमें दिल्ली विश्वविद्यालय 328वें स्थान पर और अन्ना विश्वविद्यालय 383वें स्थान पर है।




### भारत के लिए चुनौती

क्यूएस ने इस बात को रेखांकित किया कि उपलब्धियों के बावजूद भारत को अंतरराष्ट्रीयकरण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसने कहा, देश अंतरराष्ट्रीय संकाय अनुपात और अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात संकेतकों में पीछे है, जो अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं आदान-प्रदान की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

### भारत का आंकड़ा मात्र 2.9

अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अनुपात के लिए भारत का आंकड़ा मात्र 2.9 है, जो वैश्विक औसत 26.5 से काफी कम है। अधिकारी ने कहा, इसी प्रकार, अंतरराष्ट्रीय संकाय के अनुपात का औसत आंकड़ा 9.3 है, जो भारतीय विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय संकाय सदस्यों की विविधता और प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की आवश्यकता को दर्शाता है।

### रोजगार के अवसर

*भारत का रोजगार परिणाम संबंधी आंकड़ा 23.8 के वैश्विक औसत से 10 अंक कम है, जो नौकरी की आवश्यकताओं और स्नातकों के कौशल के बीच अंतर को पाटने तथा नए स्नातकों के लिए अधिक अवसर पैदा करने की आवश्यकता को दर्शाता है। क्यूएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसके अतिरिक्त, भारत का स्थिरता अंक भी वैश्विक औसत से लगभग 10 अंक कम है। यह उच्च शिक्षा प्रणाली के भीतर स्थिरता पहल को प्राथमिकता देने एवं इसे मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गुलमर्ग के प्रसिद्ध शिव मंदिर में लगी आग



**जम्मू।** गुलमर्ग में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में आग लगने का मामला सामने आया है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुलमर्ग में महारानी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध शिव मंदिर में करीब 03:45 बजे आग लग गई। आग बुझाने के प्रयासों के बाद भी लकड़ी से बने इस प्रतिष्ठित मंदिर को भारी नुकसान पहुंचा है।

### सेंसेक्स में उछाल, 13 लाख करोड़ कमाए



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद लगे हुए झटके से उबरते हुए शेयर बाजार ने बुधवार को जोरदार वापसी की। सेंसेक्स में 2300 अंकों की बंपर तेजी आई। निफ्टी भी 3% से अधिक उछलकर 22,600 के ऊपर पहुंच गया। निवेशकों की संपत्ति बस एक दिन में करीब 13 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई।

### राजौरी, पुंछ के वन क्षेत्रों में लगी आग



**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं।

### नायडू व नीतीश दोनों को चाहिए आंध्र व बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा

**चंद्रबाबू की डिमांड**
- 3 कैबिनेट मंत्री
- 2 राज्य मंत्री
- स्पीकर
- 6 बड़े मंत्रालय

**नीतीश कुमार**
- 3 कैबिनेट मंत्री
- 2 राज्य मंत्री
- दो बड़े मंत्रालय

**चिराग पासवान**
- 2 कैबिनेट मंत्री

**जीतनराम मांझी**
- 1 कैबिनेट मंत्री

**एकनाथ शिंदे**
- 1 कैबिनेट मंत्री
- एक स्वतंत्र प्रभार
- जयंत चौधरी व अनुप्रिया पटेल को भी 1-1 मंत्री पद चाहिए

केंद्र में नई सरकार के गठन की कवायद तेज

# एनडीए 'कल' पेश करेगा सरकार बनाने का दावा, 8 को शपथ संभव

*एनडीए बनाएगा सरकार, मोदी होंगे प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री निवास पर हुई एनडीए घटक दलों की बैठक में एकमत से फैसला, जयंत, मांझी, अनुप्रिया, पवन कल्याण भी चाहते हैं केबिनेट मंत्रालय*

कल होगी भाजपा संसदीय दल की बैठक

**नायडू और नीतीश की नजर वित्त, रेलवे, सड़क परिवहन और उद्योग जैसे अहम मंत्रालयों पर**



आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर केंद्र में सरकार बनाने जा रही है। एनडीए में शामिल सभी दलों ने मोदी को अपना नेता चुन लिया है। प्रधानमंत्री निवास पर बुधवार शाम चार बजे ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चिराग और शिंदे भी बड़े मंत्रालयों की जुगत में**

7 जून को एनडीए सांसदों की बैठक के बाद राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा होगा पेश,8 जून को हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह



### एक फ्लाइट में बैठे नीतीश और तेजस्वी

बुधवार सुबह से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हैं। एक तस्वीर में फ्लाइट में तेजस्वी यादव नीतीश कुमार की ठीक पीछे वाली सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं वहीं दूसरी तस्वीर में वह उनके ठीक बगल में बैठे कुछ बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

तीन दौर की बात के बाद भी नहीं बनी बात



बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मीडिया से बात की

## नीतीश, चंद्रबाबू की ना ने इंडिया गठबंधन के इरादे पर पानी फेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गंठबंधन के नेताओं ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को साथ लाने के लिए शरद पवार को आगे किया। तीन दौर की बातचीत के बाद भी बात बनी नहीं। सूत्रों ने बताया कि नितीश को पीएम पद का ऑफर इशारे में दिया गया।

ये समझाया गया कि बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू और इंडिया गठबंधन साथ लड़ेगा तो सफलता निश्चित है। माना जा रहा था कि उम्र के उत्तरार्ध में नीतीश पीएम के पद पर मान जाएंगे, मगर ऐसा हुआ नहीं। बात बनी नहीं। सूत्रों मे बताया कि जदयू सुप्रीमो और बिहार के मुख्यमंत्री और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ आने के बाद सरकार के लिए 272 का जादुई आंकड़ा से कहीं 10, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अभी सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेंगे: खरगे

लोकसभा चुनाव 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद इंडिया गठबंधन के नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर अहम बैठक हुई। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि इंडिया समूह अभी सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा। हम सही समय आने पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संविधान की रक्षा के लिए जनादेश है। इंडिया समूह भाजपा के गलत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राष्ट्रपति ने की मेजबानी, पीएम मोदी ने किया मुर्मू का स्वागत



### राष्ट्रपति भवन में कार्यकारी मंत्रिमंडल का रात्रिभोज

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के एक दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में कार्यकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कार्यकारी मंत्रिमंडल के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट कर रात्रिभोज की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ममता टीएमसी सांसदों के साथ करेंगी बैठक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक शनिवार को बुलाई है। ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान अपना दबदबा कायम रखा है। 42 सीट में से 29 पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। पार्टी सुप्रीमो ने नव निर्वाचित सांसदों की बैठक शनिवार को बुलाई है।

अदालत ने चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया

स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का किया था आग्रह

# आबकारी मामले में दिल्ली की अदालत ने सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है। शनिवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया ▶▶ शेष पेज 5 पर



### जरूरत हुई तो एम्स में इलाज कराएंगे

अदालत ने कहा कि अगर किसी परीक्षण की आवश्यकता होगी, तो हम जेल में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो हम (केजरीवाल को) एम्स या किसी अन्य अस्पताल ले जाएंगे।" ईडी के वकील ने कहा कि एक व्यक्ति जो टीवी पर दावा करता है कि मैं मर सकता हूं, किडनी फेल हो सकती है आदि, वह 25 मई के बाद किसी बुनियादी परीक्षण के लिए नहीं गया? वादी द्वारा व्यवस्था के साथ खेल खेला जा रहा है। राहत की मांग करते हुए केजरीवाल के वकील ने अदालत से कहा कि खराब स्वास्थ्य के बावजूद 'आप' नेता ने प्रचार किया क्योंकि इसी लिए शीर्ष अदालत ने अंतरिम जमानत दी थी। उन्होंने कहा, "प्रचार अभियान के कारण तनाव से उनका शर्करा स्तर बढ़ गया। आज, जब मैं (केजरीवाल) बिना परीक्षण कराए वापस जेल जा रहा हूं, तो मैं खुद को जोखिम में डाल रहा हूं। यह केवल इस तथ्य को सुनिश्चित करने के लिए है कि मुझे दिया गया उपचार मेरी बीमारी के अनुरूप हो। मैं दो महीने या तीन महीने के लिए अंतरिम जमानत नहीं मांग रहा हूं। ऐसा कौन सा पूर्वाग्रह है जो उन्हें परेशान करेगा।" इस बीच, अदालत ने मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाली केजरीवाल की एक अन्य अर्जी पर ईडी से सात जून तक जवाब मांगा है।



# आप कार्यालय के लिए जमीन आवंटित करने पर छह सप्ताह में फैसला ले केंद्र: हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही हाईकोर्ट ने केंद्र से इस मुद्दे पर छह सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में 'जनरल पूल' (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए ज़मीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या 'जनरल पूल' की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, "तथ्य यह है कि भारी दबाव है, यह प्रतिवादियों द्वारा याचिकाकर्ता (आप) को पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जीपीआरए (जनरल पूल आवास) से आवास आवंटित करने के अधिकार से इनकार करने का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से छह सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके निर्णय लें कि जीपीआरए से एक भी आवासीय इकाई याचिकाकर्ता को क्यों नहीं आवंटित की जा सकती है, जबकि अन्य सभी राजनीतिक दलों को जीपीआरए से समान आवास आवंटित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि उन्हें याचिकाकर्ता के आग्रह पर फैसले वाला विस्तृत आदेश याची को उपलब्ध करने दें। न्यायाधीश ने कहा कि अगर 'आप' के आग्रह को केंद्र सरकार खारिज करती है तो पार्टी कानून के तहत उचित कदम उठा सकती है। 'आप' ने एक राष्ट्रीय दल के तौर पर मान्यता प्राप्त होने के आधार पर पार्टी कार्यालय के लिए जगह आवंटित करने का आग्रह किया है। पार्टी ने अपने दफ्तर के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में जमीन देने या कुछ समय के लिए लाइसेंस आधार पर एक आवास के आवंटन का अनुरोध करते हुए पिछले साल अदालत में दो अलग अलग याचिकाएं दाखिल की थीं। जमीन के आवंटन का अनुरोध करने वाली 'आप' की याचिका अभी हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

## 'आप' को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित अपना वर्तमान कार्यालय करना है खाली

'आप' को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित अपना वर्तमान कार्यालय खाली करना है, इसके मद्देनजर पार्टी के वकील ने दलील दी कि दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक आवास जो वर्तमान में दिल्ली सरकार के एक मंत्री के पास है, उसे अस्थायी रूप से आवंटित किया जाए। हालांकि न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि पक्षकार डीडीयू मार्ग की संपत्ति पर हक का दावा नहीं कर सकता, क्योंकि यह दिल्ली सरकार को दी गई थी, पक्षकार को नहीं और रिकॉर्ड के अनुसार, कब्जा एलएंडडीओ (भूमि एवं विकास कार्यालय) को सौंपा जाना है। अदालत ने कहा कि भले ही वह 'आप' को डीडीयू मार्ग स्थित परिसर में अपना कार्यालय स्थापित करने की अनुमति नहीं दे सकती है, लेकिन इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि यह एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है। अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के आधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नयी दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि केंद्र की नीति के अनुसार उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मार्च में 'आप' को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था। अदालत ने पाया कि इस भूमि को न्यायिक अवसंरचना के विस्तार के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित किया गया था।

## 'बुजुर्गों का आंकड़ा एकत्र करने संबंधी अभ्यावेदन पर विचार करें मुख्य सचिव'

**एजेंसी नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह महानगर में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या का पता लगाने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने और प्रत्येक जिले में वृद्धाश्रम स्थापित करने का निर्देश देने के लिए दाखिल याचिका को अभ्यावेदन मानकर उसपर फैसला करें। अदालत ने कहा कि इस संबंध में निर्देश देने के लिए दाखिल याचिका को अभ्यावेदन मानते हुए तेजी से फैसला किया जाए और उचित होगा कि निर्णय 12 सप्ताह के भीतर हो।

कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि यह अदालत निर्देश देती है कि मौजूदा रिट याचिका को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को दिया गया अभ्यावेदन माना जाए। यह भी निर्देश दिया जाता है कि इसपर कानून के तहत यथासंभव तेजी से विचार किया जाए, बेहतर होगा कि 12 सप्ताह के भीतर ऐसा किया जाए। अदालत ने यह आदेश सलेक चंद जैन की याचिका का निस्तारण करते हुए दिया। जैन ने अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया था कि वह दिल्ली पुलिस को वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ होने वाले अपराधों का आंकड़ा अलग से बनाने का निर्देश दें। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता दिनेश पी. राजभर ने अदालत को बताया कि मौजूदा समय में दिल्ली में केवल दो सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त वृद्धाश्रम हैं।

### सनलाइट कॉलोनी में दिया वारदात को अंजाम

# युवक की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सनलाइट कॉलोनी थाना इलाके के सराय काले खां स्टेशन-रोड पर चाकूबाजी की वारदात में एक युवक की जान ले ली गई। मृतक का नाम रोहित उर्फ मोगली (27) बताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया है। पुलिस ने हमलावर की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।डीसीपी राजेश देव के अनुसार बुधवार दोपहर करीब पौने पांच बजे चाकूबाजी के संबंध सूचना प्राप्त हुई थी।

सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और देखा कि एक लड़का रोहित उर्फ मोगली पुत्र तेजपाल निवासी टी-145 हरिजन बस्ती, सराय काले खां चाकू से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। उसे एम्स ट्रॉमा में ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक युवक गत वर्ष थाना जीआरपी मथुरा के चोरी के केस के अलावा कालकाजी के एनडीपीएस एक्ट के केस में भी शामिल रहा था। मुख्य संदिग्ध की पहचान मोहम्मद जावेद के रूप में हुई है। जावेद के पिता रईसुद्दीन की मौत हो चुकी है। वह सराय काले खां में रहता बताया गया है। आरोपी भी हजरत निज़ामुद्दीन थाने का हिस्ट्रीशीटर (बीसी) है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।



### दोस्त की चाकू मार जान लेने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। पालम इलाके में हुए मर्डर केस को पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर सुलझा लिया है। गिरफ्तार शख्स मृतक का दोस्त है। इसका नाम दशरथपुरी निवासी गोविंद बताया गया है। इसके पास से दो चाकू भी बरामद किये गये हैं। पुलिस को आरोपी ने बताया कि वारदात से कुछ घंटे पहले दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसके बाद उसने दोस्त को घर से जाने को कहा तो उनके बीच झगड़ा हो गया था। उसी के चलते हत्या को अंजाम दिया गया। डीसीपी रोहित मीना के अनुसार मंगलवार सुबह पालम थाने को इस वारदात की सूचना मिली थी। गली नंबर तीन महावीर एंक्लेव स्थित घर में लाश पड़ी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच जांच की। कॉलर और मकान मालिक ने बताया कि जब वह अपने घर लौटे तो उन्हें शोर सुनाई दिया। घर के अंदर गैलरी में एक युवक खून से लथपथ हालत में मिला। मृतक की पहचान नितेश (22) के तौर पर हुई जो गली नंबर चार महावीर एंक्लेव का रहने वाला था। जांच के दौरान पुलिस को इस वारदात के पीछे गोविंद का हाथ होने का पता लगा, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया रात को नितेश अपनी महिला मित्र के साथ उसके कमरे पर आया था। दोनों ने मिलकर शराब पी। सुबह लगभग 4 बजे उसने नितेश को अपने कमरे से बाहर जाने के लिए कहा, क्योंकि वह सोना चाहता था। इस पर दोस्त नाराज होकर चला गया। उसने सुबह 6 बजे उसे नीचे गली में मिलने के लिए बुलाया। गोविंद चाकू लेकर नितेश से मिलने गया। नितेश ने उसे पीटना शुरू किया तो बचाव में उसने चाकू से नितेश पर वार कर दिया था।

## दोस्तों संग बैठ चुनावी नतीजों पर चर्चा कर रहे युवक को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में फायरिंग की घटनाएं आम हो गई है। शायद ही कोई दिन बीतता हो जब कोई संगीन वारदात इस इलाके में ना होती हो। ताजा मामला मंगलवार देर रात ओल्ड सी मा पु री इलाके में सामने आया, जहां गली में बैठ दोस्तों संग चुनावी नतीजों पर चर्चा कर रहे एक युवक को बाइक सवार युवकों ने गोली मार दी। युवक के कंधे के पास गोली लगी। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। आशंका है कि रंजिशन वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के मुताबिक इस वारदात की सूचना मंगलवार आधी रात करीब साढ़े 12 बजे मिली। पुलिस घटनास्थल बी ब्लॉक, ओल्ड सीमापुरी पहुंची, लेकिन इससे पहले घायल को जीटीबी हॉस्पिटल ले जाया जा चुका था। घायल कैफ वारदात के समय गली में अपने दोस्त इरफान और सुहेल के साथ चुनावी नतीजों पर बात कर रहा था। तभी वहां दो युवक बाइक से आए और गाली



- ओल्ड सीमापुरी इलाके में बाइक सवार फरार, घायल हॉस्पिटल में भर्ती

गलौच के बाद फायरिंग कर फरार हो गये। मामले को लेकर पुलिस ने सीमापुरी थाने में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया है। घायल की हालत खतरे से बाहर बतायी गई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से दोनों आरोपियों की पहचान करने का दावा किया है।

# लाजपत नगर के आई हॉस्पिटल में लगी आग

### कई घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को एक आई हॉस्पिटल में भीषण आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। दमकल विभाग की 16 गाड़ियों को आग पर काबू पाने में कई घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली के अस्पतालों में आग की यह तीसरी घटना है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार सुबह 11 बजकर 29 मिनट पर 34 नंबर, आई 7 हॉस्पिटल, नजदीक विनोबा पुरी मेट्रो स्टेशन, लाजपत नगर फेज 4 में आग की सूचना मिली। 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग काफी तेजी से फैल रही थी। समय रहते हॉस्पिटल का स्टाफ बाहर निकल गया था। आग पर काबू पाने के बाद कूलिंग ऑपरेशन पूरा किया गया। इसके बाद अंदर चैकिंग की गई, जिसके बाद नौ कैजुअल्टी घोषित किया गया। हॉस्पिटल स्टाफ ने इंक्वायरी के दौरान बताया कि आग एसी में हुई स्पर्किंग के बाद लगी थी। गौरतलब है पिछले महीने 26 मई को ही विवेक विहार इलाके में स्थित बेबी केयर हॉस्पिटल में भीषण आग लग गई थी। इस घटना की चपेट में आने से छह नवजात बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। पांच बच्चों को समय रहते खिड़की के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। यह हॉस्पिटल नियमों को ताक पर रखकर चल रहा था, जिस वजह से पुलिस ने बाद में हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर समेत दो लोगों को अरेस्ट किया था। इस घटना के दो दिन बाद ही 28 मई को पश्चिम विहार एरिया में आंखों के एक हॉस्पिटल में आग लगी थी। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था।

# दिल्ली कैंट : ठक-ठक गैंग का बदमाश किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली कैंट पुलिस ने ठक ठक गैंग के बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी सड़क पर चलती कार के पंचर होने का झांसा देकर उसमें रखा कीमती सामान चुरा लेता था। आरोपी जेजे कॉलोनी इंद्रपुरी निवासी ऋतिक (23) के पास से एक एप्पल आईपेड, एप्पल चार्जर, लैदर बैग व स्कूटी बरामद की गई है। डीसीपी साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट रोहित मीना ने बताया कि 30 मई को कार से एक बैग चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस दिल्ली कैंट इलाके में पहुंची, जहां सिद्धार्थ प्रताप सिंह (29) मिले। उन्होंने बताया कि वह कैब से गुडगांव जा रहे थे। तभी उसकी कैब के नजदीक दो युवक आए। एक ने ड्राइवर को बताया कि कार पंचर हो गई है। ड्राइवर ने कैब रोक दी। इस बीच वहां दूसरा युवक स्कूटी से आया, जिसने कैब का दरवाजा खोला और बैग लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए। तफ्तीश चोरी के आईपेड पर केंद्रित हुई, जिसे सर्विलांस पर लेकर पुलिस इस आरोपी के घर इंद्रपुरी पहुंच गई। पुलिस के साथ पीड़ति भी साथ था, जिसने आरोपी को पहचान लिया। पूछताछ के बाद उसका आईपेड व अन्य सामान बरामद हो गया। आरोपी ने बताया कि वह 1500 रुपए और कुछ सामान अपने सहयोगी राहुल को दे चुका है। पुलिस अब राहुल की तलाश में जुटी है।

## न्यायालय के आदेशों को स्वीकार करना चाहिए : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को ओछी और घटिया राजनीति से बचने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत अर्जी को राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा खारिज किये जाने पर यह बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि बार-बार झूठा प्रचार करने के लिए, स्वास्थ्य का हवाला देकर जो प्रपंच रचकर जमानत के लिए प्रयास कर रहे हैं वह प्रयास अब बेकार है क्योंकि दिल्ली की जनता के साथ ही कोर्ट भी इस बात को स्वीकार कर चुका है कि दिल्ली शराब घोटाला हुआ है और अरविंद केजरीवाल उसके असली सूत्रधार हैं। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को जेल और बेल का खेल बंद कर न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों को स्वीकार करना चाहिए।

## आबकारी नीतिः व्यवसायी ने अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया

एजेंसी नई दिल्ली



कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक व्यवसायी अमित अरोड़ा ने बुधवार को अंतरिम जमानत के लिए दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। अरोड़ा ने अदालत में दो महीने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए याचिका दाखिल की, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनकी पत्नी की सर्जरी होनी है और उन्हें उसकी देखभाल करनी है। आरोपी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा से कहा कि अरोड़ा को समान आधार पर पूर्व में अंतरिम जमानत प्रदान की गयी थी और ऐसा कोई आरोप नहीं है कि उन्होंने इस राहत का दुरुपयोग किया हो। पाहवा ने अदालत को बताया कि आरोपी ने राहत का दुरुपयोग किया हो ऐसा कोई आरोप नहीं है। जब भी ईडी ने बुलाया वह पेश हुए। उन्होंने कहा कि आरोपी 480 से ज्यादा दिनों से हिरासत में है। न्यायाधीश बृहस्पतिवार को अर्जी पर आदेश पारित कर सकती हैं। ईडी ने अरोड़ा को 29 नवंबर, 2022 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी के बाद धन शोधन का मुकदमा दर्ज किया था।

# केंद्रीय विश्वविद्यालयों में डीयू ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ल

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही देश भर के अन्य संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के 9वें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार 7वें स्थान पर पहुंचा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत के शीर्ष 10 संस्थानों में दिल्ली विश्वविद्यालय ने 79 रैंक ऊपर उठकर सबसे अधिक प्रगति की है।



- शीर्ष 10 संस्थानों में डीयू ने किया सर्वाधिक 79 रैंक का सुधार

### डीयू निरंतर आगे बढ़ रहा : प्रो. योगेश

इस उपलब्धि के लिए कुलपति ने सम्पूर्ण दिल्ली विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के अकादमिक वातावरण एवं राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान की बदौलत डीयू निरंतर आगे बढ़ रहा है। कुलपति ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में वैश्विक स्तर पर 328वां स्थान प्राप्त किया है जोकि पिछले वर्ष की रैंकिंग में 407वें स्थान से काफी बेहतर है। उन्होंने बताया कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय ने शीर्ष 22 प्रतिशत में अपना स्थान बनाया है। इम्प्लॉयमेंट आउटकम्स एवं सस्टेनेबिलिटी में भारत के संस्थानों में दिल्ली विश्वविद्यालय पहले स्थान पर रहा है। इनके अलावा इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क में तीसरा, अकादमिक रेप्युटेशन में पांचवां तथा एम्प्लॉयर रेप्युटेशन में डीयू को आठवां स्थान मिला। कुलपति ने बताया कि वैश्विक स्तर पर नौ संकेतकों में से चार संकेतकों में दिल्ली विश्वविद्यालय को 270 संस्थानों में शामिल किया गया है। इनमें इम्प्लॉयमेंट आउटकम्स में 44वां, सस्टेनेबिलिटी में 220वां, अकादमिक रेप्युटेशन में 225वां और एम्प्लॉयर रेप्युटेशन में 269वां स्थान मिला है।

## पूसा किसानों को आज करेगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** आईसीएआर एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई पूसा) द्वारा नवोन्मेषी कृषक सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को संस्थान के डॉ. बी.पी. पाल सभागार में किया जा रहा है। संस्थान ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष, पूसा संस्थान चयनित किसानों को कृषि में प्रमुख नवाचारों के सृजन, परिशोधन और प्रसार में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पूसा कृषि विज्ञान मेले के दौरान आईएआरआई नवोन्मेषी कृषक और आईएआरआई फेलो कृषक" के रूप में सम्मानित करता है। चूंकि, नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेला-2024 का आयोजन अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण रद्द कर दिया गया था, इसलिए वर्ष 2023-24 के लिए चयनित फेलो और नवोन्मेषी कृषकों को सम्मानित नहीं किया जा सका। पूसा संस्थान ने बताया कि नवोन्मेषी कृषक सम्मेलन के इस अवसर पर चयनित किसानों को उक्त दो श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

### ईमेल के जरिए दी गई धमकी

# टोरंटो की फ्लाइट में बम होने की सूचना से मचा हडकंप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बम बलास्ट की धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। इस बार टोरंटो जाने वाली फ्लाइट में बम की सूचना से सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव फूल गये। मंगलवार रात यह धमकी ईमेल के जरिये दी गई थी, जिसे बेहद गंभीरता से लिया गया और प्रोटॉकोल के तहत अच्छी तरीके से फ्लाइट की जांच पड़ताल की गई। लेकिन सर्च ऑपरेशन के बाद कुछ भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात आईजीआई एयरपोर्ट पर डॉयल ऑफिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें कहा गया दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की फ्लाइट में बम रखा है। इसके बाद हड़कंप मच गया और गहन जांच के बाद इस फ्लाइट में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। इसके बाद ही सुरक्षा एजेन्सियों ने राहत की सांस ली। अब पुलिस ईमेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। पता लगाया जा रहा है यह मेल कहां से भेजा गया था। बतां दे कि चार दिन पहले ही इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में भी बम रखे होने की सूचना मिली थी, जिस वजह से मुंबई में इस विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करायी गई थी। तब भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।





## गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़की **मंजू** पुत्री अशोक कुमार निवासी ईस्ट किदवई नगर, जेजे कैंप, नई दिल्ली। उक्त लड़की दिनांक 11/05/2024 से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **DD.No.85A दिनांक 12/05/2024 पुलिस थाना के.एम. पुर, दिल्ली** दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा लड़की का विवरण इस प्रकार है:


मंजू

**नाम:** मंजू, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 20 वर्ष, **कद:** 4'0", **रंग:** सांवला, **बनावट:** मध्यम, **चेहरा:** अंडाकार, **पहनावा:** ग्रे गुलाबी रंग का सूट, काले रंग की लेगिंग और पैरों में हरे रंग की चप्पल के साथ

इस गुमशुदा लड़की के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी के.एम. पुर, दिल्ली को सूचित करे।

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/6219/SD/2024**

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना के.एम. पुर, नई दिल्ली**
**फ़ोन नं : 8750870828, 7065569268**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमजद अली** पुत्र करम अली **निवासी वी-441/13, विजय पार्क दिल्ली** ने **एफआईआर नं. 48744/15 धारा 426/429/420/465 भा.द.स पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभियुक्त अमजद अली** मिल नहीं रहा और मुझे **समाधानप्रद रूप** से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अमजद अली** हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमजद अली, एफआईआर नं. 48744/15 धारा 426/429/420/465 भा.द.स पुलिस थाना भजनपुरा,दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री.पंकज राय**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/6779/NE/2024**

# दिल्ली में लगातार जनता की आवाज को उठाते रहेंगे सांसद : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में जीते भाजपा के सभी सांसद, सांसद नहीं बल्कि जनता के सेवक हैं और आने वाले समय में यह लगातार जनता की आवाज को उठाते रहेंगे और दिल्ली सरकार के खिलाफ लड़ते रहेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के सभी सातों नए चुने हुए सांसदों की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में आयोजित आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान यह संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने भाजपा को पूर्ण समर्थन देकर दिल्ली की सातों सीटें जिताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय लिया है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा की यह जीत सिर्फ एक विराम है और फिर से अपने काम पर लगेंगे और आने वाले दिल्ली में विधानसभा चुनाव में दिल्ली से इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि जितने लोग जीतकर आज संसद में जा रहे हैं, उन्होंने दिल्ली के संगठन के लिए बहुत काम किया है इसलिए दिल्ली की जनता का दर्द समझते हैं और अब उसी दर्द को समझते हुए आगे काम करेंगे। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने पूरे चुनाव प्रचार में सहयोग के लिए मीडियाकर्मियों, अपनी टीम, नेताओं आदि का आभार जताया।

### जीत के मुख्य नायक हैं पीएम मोदी : सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में अगर जीत का कोई मुख्य नायक हैं तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी इस भीषण गर्मी में लगातार काम किया और दिल्ली की जनता का पूरा आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशियों को दिलवाया और संगठन उनका कृतज्ञ है। वहीं, केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में मानसून आने वाला है लेकिन हमें पता है कि अभी तक नालों की सफाई नहीं हुई है और आने वाले समय में फिर से केजरीवाल के मंत्री नए-नए बहाने बनाएंगे लेकिन इस बार हम उन्हें बहाना नहीं बनाने देंगे। भाजपा सांसदों ने उनकी संगठनात्मक सुझबूझ और उनके निर्णायक निर्देश के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा का आभार व्यक्त किया। दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने माल्यार्पण करके एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका आभार जताया। जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद मनोज तिवारी ने अपना एक नया गीत गुणगुणा कर उपस्थित सभी मीडियाकर्मियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्वी दिल्ली सांसद हर्ष मल्होत्रा, पश्चिमी दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत, उत्तर पश्चिम दिल्ली सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, नई दिल्ली सांसद बांसुरी स्वराज एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार अरविंन्दर सिंह लवली को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

**प्रदेश अध्यक्ष सहित सातों सांसदों ने जीत के लिए दिल्ली की जनता का जताया आभार**



### आम आदमी पार्टी की नीतियों से दिल्ली की जनता हो चुकी हैं दुखी : धनखड़

नई दिल्ली। दिल्ली के आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। आम आदमी पार्टी की नीतियों से दिल्ली की जनता दुखी हो चुकी है और मौजूदा केजरीवाल सरकार को विदा करने का मन बना चुकी है। दिल्ली में सातों सीटों पर जीत मिलने के बाद दिल्ली प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी औम प्रकाश धनखड़ ने बुधवार को यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की समझदार जनता ने मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत बनाने के लिए संपूर्ण जनादेश दिया है। इस बार दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं के समक्ष सभी सीट जीतने की चुनौती थी। आप और कांग्रेस का गठबंधन होने से विपक्ष की वोट विभाजित होने की संभावना कम हो गई थी। लेकिन दिल्ली की जनता ने आप और कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा में अपना विश्वास पुन दोहराया और मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिए मतदान किया। इसलिए दिल्ली की सभी सातों सीटों पर लगातार तीसरी बार कमल खिला है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार शाम को तेज हवा के



साथ बारिश हुई। इससे दिल्ली का मौसम बदल गया। लोगों को कुछ गर्मी से राहत मिली। बुधवार के मौसम की बात करें तो दोपहर बाद से ही आसमान में बादल छा गए थे और आंधी और बारिश की संभावना बन गई थी। संभावना के अनुरूप बुधवार की शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार दिल्ली में अगले तीन दिन तक धूल भरी आंधी चल सकती है और कई इलाकों में बारिश हो सकती है। कुल मिलाकर अगले तीन दिनों तक दिल्ली के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

### चेक के माध्यम से संपत्ति कर का भुगतान स्वीकार नहीं करेगा निगम

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम अब 1 जुलाई से चेक के माध्यम से संपत्ति कर का भुगतान स्वीकार नहीं करेगा। निगम द्वारा यह फैसला चेक अनादर की समस्याओं से निपटने के लिए लिया गया है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि संपत्ति करदाता अब आसानी से यूपीआई, वॉलेट, डिमांड ड्राफ्ट, पे ऑर्डर या किसी भी ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से डिजिटल रूप से संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान न केवल समय पर भुगतान और रसीद जारी करना सुनिश्चित करेगा, बल्कि व्यापार करने में आसानी भी प्रदान करेगा। करदाता आसानी से संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे और उसका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगे। दिल्ली नगर निगम सभी संपत्ति मालिकों/खाली भूमि और भवनों के कब्जाधारियों से अपील करता है कि वे 30 जून, 2024 से पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने बकाया संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान कर 10 प्रतिशत की छूट प्राप्त करें।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक भारतवासी से एक वृक्ष लगाने का किया आह्वान

# एलजी ने प्रधानमंत्री के साथ पेड़ लगाकर की 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। इससे पहले सक्सेना ने पीएम मोदी के साथ एक पेड़ लगाकर अभियान की शुरुआत की। एलजी ने मोदी के साथ पेड़ लगाने की फोटो अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। एलजी ने अपने संदेश में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर मुझे एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं देशवासियों के साथ ही दुनियाभर के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे अपनी माँ के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं।



यह आपकी तरफ से उन्हें एक अनमोल उपहार होगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक भारतवासी से अपनी माँ के सम्मान अथवा स्मृति में एक वृक्ष लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत देश भर में करोड़ों वृक्ष लगाए जाएंगे। एलजी ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम और ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में वृक्षारोपण सबसे कारगर उपाय है। दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी और प्रदूषण के हालत से दिल्ली वाले भलीभांति परिचित है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जरूरत है कि इस अभियान में सभी दिल्लीवासी अपना योगदान दें, और एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर, अवश्य लगाएं। अपनी माँ के साथ पेड़ लगाते हुए तस्वीर, आप प्लांट फॉर मदर पर पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि यह पेड़ अपने निजी मकान, प्रांगण, भूमि, फार्म, आदि में लगाए जा सकते हैं। जिन दिल्लीवासियों के पास वृक्षारोपण के लिए अपनी खुद की जमीन उपलब्ध नहीं है।

उनके लिए हमारी सरकार, यमुना के किनारे और दिल्ली के अन्य हिस्सों में स्थान उपलब्ध कराएगी। दिल्ली सरकार के वन विभाग द्वारा भी वृक्षारोपण हेतु दिल्ली के निवासियों को निःशुल्क पौधे प्रदान किए जाते हैं। अतः नागरिक वन विभाग की नर्सरी से भी पौधे लेकर इस अभियान में शामिल हो सकते हैं। एलजी ने आह्वान किया कि इस अभियान में आपकी भागीदारी न सिर्फ आप सभी की माताओं के प्रति एक सम्मान का सूचक या श्रद्धांजलि होगी। बल्कि हम सब की धरती माँ के संरक्षण और संवर्धन के साथ साथ, हमें एक सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगा। मेरा सभी दिल्लीवासियों से अनुरोध है कि हर उम्र और वर्ग के लोग आगे आकर, अपनी माँ के प्रति अपने स्नेह, श्रद्धा एवं समर्पण प्रदर्शित करते हुए, उनके नाम से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

### प्रदूषण और हीट वेव को कम करने के लिए घर की छतों पर लगाएं पौधे : राय

नई दिल्ली। इस बार दिल्ली समेत पूरे देश को हीट वेव का सामना करना पड़ रहा है। इस हीट वेव और प्रदूषण से बचने के लिए दिल्ली के लोग अपने घर की छतों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। यह अपील बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिविल लाइन में पौधरोपण करने के दौरान की। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए लगातार पौधरोपण अभियान चला रही है। इसके परिणाम स्वरूप आज दिल्ली में ग्रीन कवर बढ़कर 23.06 फीसद हो गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बेहतर और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए जन



सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि आप न तो प्रदूषण करें और न ही किसी को करने दें। राय ने कहा कि अब दिल्ली में पौधे लगाए जाने वाली जमीन कम होती जा रही है।

- दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सिविल लाइन में किया पौधरोपण

इसलिए व्यक्तिगत स्तर पर दिल्ली की जितनी छतें हैं, हम सब लोग प्रयास करें कि अपने घर की छतों को भी हम हरा भरा करें। जिससे इस हीट वेव और प्रदूषण को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी को यह संकल्प लेना है कि न तो प्रदूषण करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। क्योंकि जनसहभागिता से ही पर्यावरण को बेहतर और प्रदूषण मुक्त बनाने का रोडमैप बनेगा।

### डीडीए ने लगाए पेड़, गत पांच वर्ष में 33.88 लाख पौधे लगाने का दावा

नई दिल्ली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने महामहिम उपराज्यपाल की अगुवाई में पेड़ लगाने का अभियान चलाया और लोगों को पेड़ लगाने के लिए जागरूक करते हुए संदेश दिया। डीडीए द्वारा बताया गया कि उपराज्यपाल ने आस्था कुंज में डीडीए के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया और 100 से अधिक देशी किस्म के पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर डीडीए ने राजधानी में विभिन्न जगहों पर पौधारोपण अभियान चलाया जिसके तहत करीब 3000 पौधे लगाए गए। डीडीए का दावा है कि पिछले 5 वर्षों में प्राधिकरण ने 33.88 लाख पौधे लगाए है, जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए 9.10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस अभियान में एलजी ने नेहरू प्लेस स्थित डीडीए पार्क आस्था कुंज में पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। इस स्थल पर 100 से अधिक देशी किस्म के पेड़ लगाए गए।

### दिल्ली में जगह-जगह मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

नई दिल्ली। दिल्ली में जगह जगह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नरेला स्थित राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में सभी संकायों, कर्मियों और छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और पौधारोपण समारोह के तहत पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए पेड़/पौधे लगाने की बात कही।



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में पर्यावरण अध्ययन विभाग ने गार्डन कमेटी के सहयोग से अपने परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के महत्व को रेखांकित करना था। इस पौधारोपण अभियान में संकाय, कर्मियों और विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी रही। इस अवसर पर एसओएल के प्रिंसिपल प्रो. अजय जायसवाल भी उपस्थित रहे। इसके बाद प्रो. पायल मागो ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह को भी पौधा भेंट करके विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने खान मार्केट, नई दिल्ली में एनजीओ चिंतन के सहयोग से आयोजित "जीरो वेस्ट दिल्ली" कार्यक्रम के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. शकुंतला श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण और खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित थे। उपाध्याय ने कचरा संग्रहण प्रयासों में योगदान देने और दिल्ली को जीरो वेस्ट सिटी बनाने की दिशा में काम करने के महत्व पर जोर दिया।

### अरविंद केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व राघव चड्ढा ने की मुलाकात

एजेंसी,नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे। जेल अधिकारियों के अनुसार, मधुमेह के मरीज केजरीवाल की निगरानी के लिए दो डॉक्टर हैं और उन्हें रोजाना इंसुलिन दी जा रही है। आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि एक जून को समाप्त होने के बाद केजरीवाल ने दो जून को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था।

### डीएमआरसी मुख्यालय को मिला कार्बन न्यूट्रल प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने पर्यावरण हितैषी वर्ग में कार्बन न्यूट्रल प्रमाण पत्र हासिल किया है। यह प्रमाणन डीएमआरसी को अपने मुख्यालय मेट्रो को लेकर मिला है। इस बारे में डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्बन न्यूट्रल की दिशा में शुरुआत से ही अनेक कारगर कदम उठाए जाते रहे है। यह उपलब्धि नोएडा के सेक्टर-50 में डीएमआरसी के स्टाफ क्वार्टर को कार्बन न्यूट्रल के रूप में प्रमाणित करने के बाद मिली है। यह संगठन की कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएमआरसी ने बताया कि भारत सरकार के 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य के अनुरूप, डीएमआरसी उन्नत पर्यावरणीय प्रथाओं को अपनाया और लागू करके कार्बन न्यूट्रल के लिए काम करना जारी रखता है। सार्वजनिक जवाबदेही मानक (पीएएस) 2060 के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मेट्रो भवन को कार्बन न्यूट्रल के रूप में प्रमाणित करना इन प्रयासों का एक प्रमाण है। डीएमआरसी ने विभिन्न अभिनव और पर्यावरण के अनुकूल पहलों के माध्यम से मेट्रो भवन से उत्पन्न सभी ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को प्रभावी ढंग से कम किया है। इनमें रेनवाटर हार्वेस्टिंग (आरडब्ल्यूएच) पिट्स, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), बागवानी के लिए उपचारित अपशिष्ट का उपयोग, जल-कुशल जुड़नार और एक ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर की स्थापना शामिल है।

### इंडिया गठबंधन के आप उम्मीदवारों ने जनता का किया धन्यवाद

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन के आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने मिले वोटों को लेकर जनता का धन्यवाद किया और जीते उम्मीदवारों को बधाई दी। पश्चिमी दिल्ली से आप के उम्मीदवार महाबल मिश्रा ने एक्स पर कहा कि पश्चिमी दिल्ली के उन साढ़े छह लाख मतदाताओं का मेरे ऊपर विश्वास रख वोट करने के लिए कैसे धन्यवाद करूं इसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। 2020 में राजनीति से अघोषित संन्यास लेकर समाज सेवा में लग पड़ा था पर अरविन्द केजरीवाल ने मुझे संसद में जनता की लड़ाई लड़ने का यह अवसर दिया उसके लिए मैं उनका सदा ही शुक्रगुज़ार रहूंगा। इंडिया गठबंधन के उन तमाम कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने पूरी लगन से इस चुनाव में मेहनत की। यह सारे वोट उनकी मेहनत को ही मिले हैं। वहीं उन्होंने भाजपा की जीती उम्मीदवार कमलजीत सेहरावत को बधाई दी और कहा कि पश्चिमी दिल्ली की जनता की उम्मीद पर वह खरी उतरे यही आपसे मेरी कामना है। मेरा क्षेत्र के हित में हर कदम पर समर्थन रहेगा और किसी भी प्रकार की मदद के लिए मैं तैयार रहूंगा। देश की जनता को इस चुनावी महोत्सव में भागीदारी लेकर जो लोकतंत्र को बचाने का प्रयास किया और उसमे सफल भी हुए इसके लिए बधाई। इंडिया लड़ा और जीता।

### 20 मई को पत्र लिखकर 7 दिनों में जानकारी देने का दिया था निर्देश

# नालों की सफाई की जानकारी दें मुख्य सचिव : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य सचिव के द्वारा नालों की सफाई की जानकारी देने पर नाराज शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आज गुरुवार को नालों की सफाई को लेकर पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि बुधवार को शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मानसून के मौसम के करीब आते ही दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने 20 मई को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को एक पत्र लिखकर नालों की सफाई की स्थिति की रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर देने को कहा था। लेकिन बुधवार तक रिपोर्ट न मिलने पर





मंत्री सौरभ भारद्वाज ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि उनके निर्देशों के बावजूद, जिसमें उन्होंने एक सप्ताह का समय अनिवार्य किया था, मुख्य सचिव ने ऐसे गंभीर और जरूरी मुद्दे पर विभिन्न नालों की सफाई की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। सौरभ ने कहा कि अब मैंने मुख्य सचिव को आज 6 जून 24 की शाम तक नालों की सफाई की स्थिति की पूरी जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ताकि रिपोर्ट आने के बाद सभी विभागों की बैठक बुलाकर विभागों को आगे के निर्देश दिए जा सकें। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 20,159 छोटे-बड़े नाले हैं। इनमें 721 बड़े (चार फीट से अधिक चौड़े) और 19,438 छोटे (चार फीट चौड़ाई से कम) नाले हैं। दिल्ली के अंदर सबसे बड़े नालों की साफ-सफाई का काम बाढ़ एवं नियंत्रण विभाग का होता है।

जानकारी के मुताबिक 45 सबसे बड़े नाले बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के अंतर्गत आते हैं। इनमें यमुना पार इलाके में 11, पश्चिमी दिल्ली में 13, उत्तरी दिल्ली में 17 और दक्षिणी दिल्ली में चार नाले आते हैं। इनकी कुल लंबाई 295 किमी है।

### आप ने पिछले चुनाव की तुलना में इस बार अच्छा प्रदर्शन किया : संदीप पाठक

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन को पिछले चुनाव की तुलना में बेहतर बताया है। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने बुधवार को कहा कि हमने देश बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए अपनी पूरी जान लगा दी। आपअपने इस मकसद में सफल रही। हम आने वाले समय में और ज्यादा मेहनत करेंगे और अच्छे परिणाम लेकर आएंगे। अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने देश को महत्व देते हुए कई राज्यों में गए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। इसका परिणाम रहा कि अपनी पूरी ताकत झोंकने के बाद भी भाजपा बहुमत नहीं ला सकी और इंडिया गठबंधन ने इतने विषम हालातों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं आप ने सबसे मुश्किल हालातों में चुनाव लड़ा, लेकिन जनता का हमें खूब आशीर्वाद मिला और पंजाब में हमारे तीन सांसद जीते। आने वाले समय में हम और मेहनत करेंगे और अच्छे परिणाम लेकर आएंगे। प्रैसवार्ता में बुधवार को संदीप पाठक ने कहा कि भाजपा को पिछली की तुलना में इस बार 63 सीटें कम मिली हैं और भाजपा को बहुमत नहीं मिला है। वहीं, इंडिया गठबंधन इंडिया गठबंधन ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि आप पूरी ताकत से लड़ाई लड़ी और पंजाब से हमारे तीन सांसद जीते, जबकि 2-3 सीटों पर हमारा काफी करीबी मुकाबला रहा। आम आदमी पार्टी पूरी तरह से मजबूत है और संघर्ष करने के लिए तैयार है। पाठक ने कहा कि 2019 में पंजाब में हमें लगभग 7 फीसद वोट मिला था और एक सीट पर हमारी जीत हुई थी। बाकी सीटों पर हम चौथे-पांचवें नंबर पर थे।

## खबर संक्षेप

### देसी कट्टे व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मोनू है जो एसी नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध हथियार सहित एसजीएम नगर थाना एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई।



### वाहन चोरी के मुकदमे में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम पीयूष उर्फ पीटर है जो फरीदाबाद के सेक्टर-21 का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सहित बल्लभगढ़ बस स्टैंड से काबू किया था। आरोपी से जब मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने करीब 15 दिन पहले सेक्टर-56 आशियाना फ्लैट के पास से चोरी की थी।



### नशे के 6 इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने अवैध नशे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम धर्मेंद्र है जो गुरुग्राम के सोहना का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को मुजेसर एरिया से अवैध नशे सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से नशे के 6 इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी कोसी मथुरा से यह अवैध इंजेक्शन लेकर आया था।




### डेबिट कार्ड बदल महिला से 30 हजार रुपए ठगे

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में जालसाजों ने एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गई महिला का डेबिट कार्ड बदल 30 हजार रुपए की चपत लगा दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में कांकरौला गांव में रहने वाली संजू देवी ने कहा कि वह गांव के चौक पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गई थी। वहां कुछ युवक उसे बातों में उलझाने लगे और महिला का एटीएम पिन नंबर भी देख लिया। महिला के मना करने के बावजूद वे मशीन के पास ही खड़े रहे।




### असिस्टेंट मैनेजर बन महिला से 41 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाज ने जियो मार्ट कंपनी का असिस्टेंट मैनेजर बनकर 41 हजार रुपए की चपत लगा दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में अशोक विहार फेज-3 में रहने वाली विद्या शर्मा ने कहा कि उसने जियो मार्ट के माध्यम से ऑर्डर दिया था। ऑर्डर को लेकर डिस्प्यूट होने पर उसके पास एक कॉल आई। जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को जियो मार्ट का असिस्टेंट मैनेजर बताया। इसके बाद महिला के एसबीआई क्रेडिट कार्ड के जरिए 41 हजार 180 रुपए की ठगी कर ली।




---

सस्टेनेबिलिटी फॉर इन्वॉयरमेंट पर व्याख्यान

# पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण के लिए रखे गए विचार भावी पीढ़ी के लिए संसाधन सहेजने का सबने लिया प्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन और ईको क्लब फरीदाबाद की ओर से जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

सस्टेनेबिलिटी फॉर इन्वॉयरमेंट थीम पर आयोजित हुए इस सेमिनार में शहर के उद्योगपतियों, आरडब्ल्यू, पदाधिकारियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग और जागरुक बनाना ही कार्यक्रम का मकसद रहा। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन डॉ. एनसी वाधवा ने सभी वक्ताओं और अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 1972 में स्टॉकहोम कांफ्रेंस के दौरान 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस घोषित किया था। इसका मकसद पर्यावरणीय स्थिति को लेकर मंथन करना और इसे बेहतर बनाने के प्रयासों पर चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्वजों ने हमारे लिए प्राकृतिक संसाधन छोड़े थे, उसी तरह हमें भी भावी पीढ़ी के लिए संसाधन सहेजने का प्रण लेना होगा।

शहर से उद्योगपतियों महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने लिया भाग

कार पूलिंग, रिसाइकल रियूज पर्यावरण संरक्षण में सहायक

पानी का सदुपयोग करें अन्य कामों में उपयोग में लें


मानव रचना में पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण कार्यक्रम में ऑल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर को सम्मानित करते आयोजकगण।

### मियावाकी तकनीक की दी जानकारी

विशिष्ट अतिथि रहीं आकांक्षा तंवर, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बल्लभगढ़ ने कहा कि शहरीकरण, अंधाधुंध विकास और बढ़ती जनसंख्या प्राकृतिक संसाधन दोहन के मुख्य कारण हैं। हरियाली बढ़ाने के लिए मियावाकी तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर कोई आदतों में बदलाव कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दे सकते हैं। कार पूलिंग, पानी का सदुपयोग, रिसाइकल और रियूज जैसी आदतें पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं।

---

एनसीआरटीसी ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की

# लोग पर्यावरण के मुद्दों पर बनें संवेदनशील स्वच्छ और हरित पर्यावरण में दें योगदान

एनसीआरटीसी 'नमो भारत-हरित भविष्य के लिए नए युग का परिवहन' थीम पर ऑन-साइट ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की। इसके द्वारा आरआरटीएस को सार्वजनिक परिवहन के एक स्थाई साधन के रूप में बढ़ावा देना है, जिससे लोग स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में योगदान दे सकें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने बुधवार को अपने कर्मचारियों और ऑपरेटर (डीबी आरआरटीएस इंडिया) के बच्चों के लिए 'नमो भारत-हरित भविष्य के लिए नए युग का परिवहन' थीम पर ऑन-साइट ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की। यह प्रतियोगिता गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर आयोजित की गई।

प्रतियोगिता एनसीआरटीसी के निरंतर जागरूकता अभियानों के अनुरूप आयोजित की गई। जिसके तहत दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के आसपास स्थित स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों में जागरूकता के लिए नुक्कड़-नाटक, नमो भारत ट्रेन राइड और ड्राइंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा चुकी हैं। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य एनसीआर में आरआरटीएस को सार्वजनिक परिवहन के एक स्थायी साधन के रूप में बढ़ावा देना है, जिससे लोग स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में योगदान दे सकें। प्रतियोगिता में बच्चों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई, क्योंकि यह इन युवा कलाकारों के लिए गर्मी की छुट्टियों के दौरान अपनी रचनात्मकता और कल्पना को व्यक्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर था।

'हमारी भूमि, हमारा भविष्य' थीम पर किया आयोजन

छात्रों द्वारा बनाई गईं पेंटिंग्स की लगाई गई प्रदर्शिनी

किया जा रहा जागरूकता अभियानों का आयोजन



### कहानी सत्र का किया आयोजन

इस दौरान नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) के सहयोग से एक आकर्षक कहानी सत्र का भी आयोजन किया गया। इस सत्र में, विभिन्न प्रकार के इंटरैक्टिव गेम और गतिविधियों जैसे कि जैव विविधता डार्ट गेम, ओरिगेमी वर्कशॉप, पहेलियाँ, प्रश्नोत्तरी और सांप और सीढ़ी के खेल आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के विषय में जागरूकता भी हुई। इनका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के मुद्दों के बारे में संवेदनशील बनाना, संरक्षण के लिए बेहतर भविष्य के प्रति साझेदार बनाना और छात्रों को हमारे ग्रह के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना था।

### गाजियाबाद स्टेशन पर लगाई प्रदर्शनी

इसके अतिरिक्त, स्कूली छात्रों के लिए पहले स्कूलों में आयोजित की गई ड्राइंग प्रतियोगिताओं में बनाई गईं बेहतर तस्वीरों को प्रदर्शिनी के रूप में गाजियाबाद स्टेशन पर पेश किया गया। इन चित्रों और पेंटिंग्स में नमो भारत ट्रेनों और आरआरटीएस प्रणाली की स्थिरता और हरित पहलुओं को खूबसूरती से दर्शाया गया है।

### संकल्प बोर्ड लगाए

अपने दैनिक यात्रियों को आरआरटीएस का और अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा यात्रियों के लिए विभिन्न आरआरटीएस स्टेशनों पर प्लेज बोर्ड (संकल्प बोर्ड) लगाए गए, ताकि वे एक स्थाई और हरित भविष्य की दिशा में योगदान करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हों। इन प्लेज बोर्ड पर यात्रियों ने हस्ताक्षर किए और नमो भारत ट्रेनों को अपने पसंदीदा परिवहन के साधन के रूप में उपयोग करने का संकल्प लिया, ताकि भविष्य को बेहतर और प्रदूषणमुक्त बनाया जा सके।

---

महापौर सुनीता दयाल ने बैठक में कहा

# भूमाफियाओं की खैर नहीं सख्ती से निपटा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



देश मे लोकसभा चुनाव के नतीजे की घोषणा होने के बाद महापौर सुनीता दयाल नगर निगम की भूमि पर कब्जाधारियों के खिलाफ एक्शन में आ गई हैं। बुधवार को नगर निगम कार्यालय में आते ही सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में कहा कि निगम की जमीन पर किसी को कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।

महापौर ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से देश में ओर शहर में चुनाव होने के कारण नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा हटाना व अन्य कार्य बंद कर दिए गए थे जिसकी एवज में शहर के कई स्थानों पर जैसे-गुलधर, नंदग्राम,जटवाड़ा, सैन विहार विजय नगर आदि में भूमाफिया ने फिर से जमीनों पर कब्जे शुरू कर दिए थे जिसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की है। सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम की भूमि पर कब्जा करने की सूचना मिली है जिसको लेकर निर्देश दिए जा चुके है और भविष्य में नगर निगम की भूमि को खाली कराकर यूं ही छोड़ दिया जाता है और कुछ समय बाद भूमाफिया फिर से सक्रिय होकर चोरी छिपे उसी भूमि पर कब्जा शुरू कर देते हैं लेकिन अब नगर निगम अपनी भूमि खाली कराकर यूं ही नहीं छोड़ेगा बल्कि भूमि पर नगर निगम की आय बढ़ाने की योजनाएं तैयार की जाएगी।

### एक लाख पौधे लगाएगा नगर निगमः महापौर




**गाजियाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को गाजियाबाद नगर निगम के उद्यान विभाग ने शहर में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। जिसके अंतर्गत महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने पटेल नगर स्थित गीता संजय पार्क में 150 फलदार पौधे लगाकर पौधरोपण किया गया। ऐसे ही उपस्थित सभी लोगो ने भी एक एक पौधा लगाया। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि जिस प्रकार शहर में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और गर्मी का तापमान भी बढ़ रहा है ऐसे में शहर में सघन पौधरोपण किया जाना बहुत जरूरी है। अगर पौधरोपण नहीं किया गया तो प्रदूषण के साथ साथ तापमान भी बढ़ने की संभावना है हालांकि नगर निगम हर वर्ष मियावाकी के माध्यम से वृद्ध पौधरोपण कर रहा है लेकिन शहर में अभी और वृक्ष लगाने की जरूरत है। हमारे द्वारा लगाए जाने वाले पौधे भविष्य में शहर के फेफड़ों के कार्य करेंगे।

---

50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

# कब्जे से मोबाइल टॉवर के 25 लाख के उपकरण जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच पुलिस ने बुधवार को मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बदमाश की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसके कब्जे से चोरी का करीब 25 लाख रुपए का माल व चोरी करने मे प्रयुक्त कार बरामद की है।

यह गिरोह गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र, पश्चिमी यूपी, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में सक्रिय है।




जो जियो व एअरटेल के मोबाइल टावरों से बैट्री, आरआर यूनिट व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस चोरी करता था। उसे नंदग्राम इलाके से पकड़ा गया है। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश दिल्ली के तुगलकाबाद निवासी मेराजुद्दीन है।

---

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र

# नोटा से हार गए 21 प्रत्याशी 6821 मतदाताओं ने दिया मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपनी कीमत आजमाने चुनावी समर में उतरे 21 प्रत्याशी नोटा से हार गए। इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया किसी तरह नोटा से अपनी इज्जत बचाने में कामयाब हो गए।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र-10 से कीमत आजमाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर व कांग्रेस उम्मीदवार महेन्द्र प्रताप सहित कुल 25 उम्मीदवार चुनाव समर में उतरे। अन्य जो 21 प्रत्याशी किस्मत आजमाने के लिए चुनावी



समर में उतरे थे उनकी इज्जत को नोटा ने तार-तार कर दिया। इस बार कुल 14 लाख 63 हजार 982 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया तथा इनमें से 6821 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी की बजाय नोटा को पहली प्राथमिकता दी।

---

प्राण वायु देवता स्कीम के तहत

# महिलाओं-बच्चों ने 75 साल पुराने पेड़ों को बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग फरीदाबाद वनमंडल द्वारा प्राण वायु देवता स्कीम के तहत 75 साल से पुराने पेड़ों की पूजा की गई। इस दौरान जिन गांवों में 75 वर्ष पुराने पेड़ थे उन गांवों में मौजूद व्यक्ति, महिलाएं, मंदिर के पुजारी, सरपंच, स्कूल के शिक्षक व बच्चों सहित अन्य लोगों ने मिलकर इन पेड़ों की पूजा के साथ साथ में इन पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया।

इस दौरान विभिन्न गावों जैसे की छायंसा, मौजपुर, अटाली, पन्हेड़ा, जसाना, नरियाला, हीरापुर इत्यादि गांवों में पेड़ों की पूजा की गई। प्राणवायु देवता महोत्सव के दौरान महिलाओं ने पेड़ों को बचाने और पर्यावरण के संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार के लोक गीत गाए। इसके अतिरिक्त बच्चों ने पेड़ों को बचाने के लिए शपथ ली। वन विभाग ने इस दौरान पेड़ों के आस पास पौधरोपण का समग्र अभियान चलाया जिसमें प्राणवायु पेड़ों के आस पास त्रिवेदी और पंचवटी वाटिका लगाना सुनिश्चित किया गया।



### सीड बॉल के पैकेट दिए

फरीदाबाद और बल्लभगढ़ रेंज ने स्कूल के बच्चों और गांव के लोगों को सीड बॉल के पैकेट भी दिए ताकि बच्चे सीड बॉल को विभिन्न जगह फेंक सकें और उसे प्राकृतिक पौधरोपण हो सके। प्राणवायु देवता कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अग्रणी भूमिका निभाई और पुराने पेड़ों को बचाने की अपील की।

---

एसीपी ट्रैफिक ने नियमों के प्रति किया जागरूक

# हेलमेट और सीट बेल्ट लगाएं धीमी गति से वाहन चलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसीपी ट्रैफिक उषा के निर्देशानुसार नागरिकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में एसीपी ट्रैफिक जितेश मल्होत्रा एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार द्वारा सुधा रस्तोगी डेंटल कॉलेज, खेड़ी कलां फरीदाबाद में 100 से अधिक छात्रों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया।

एसीपी ट्रैफिक ने बताया कि वाहन चालक यातायात नियमों का



पालन करना सुनिश्चित करें जैसे कि यात्री को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना, स्पीड लिमिट का पालन करना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना, रेड लाइट पर रुकना, सीधे जाने का नियमित पालन करना इत्यादि। इससे लोगों को सुरक्षा और सुविधा मिलती है।

---

रिमोट से एटीएम को चालू और बंद करते थे

# चिप लगाकर चोरी करने के मामले में दो महिला सहित पांच काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस ने बैंक एटीएम में चिप लगाकर चोरी करने के मामले में दो महिला सहित पांच आरोपियों को काबू किया है। आरोपी एटीएम मशीन के पॉवर प्लग में एक चिप सेट लगा देते थे, जिससे ये रिमोट के माध्यम से मशीन को स्विच ऑफ व ऑन कर सकते थे।

जिसके बाद महिला की मदद से एटीएम बूथ में रुपए निकालने वालों से ठगी करते। पुलिस ने आरोपियों से 23 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। दरअसल, सेक्टर-10 थाना पुलिस को एक्सिस बैंक के मैनेजर ने शिकायत दी कि रविवार की देर रात को कुछ लोगों ने एक्सिस बैंक के एटीएम से चोरी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में सेक्टर-10 पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को सेक्टर-10, गुरुग्राम से व दो को नूंह से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान नूंह के अहसान, रईस व अशफाक तथा दिल्ली शाहदरा की नंदिनी व महक के रूप में हुई।

दिल्ली, फरीदाबाद व गुरुग्राम में की वारदात

एक गाड़ी व 23 हजार रुपए नकद बरामद



**पावर प्लग में लगाते थे चिप सेट**

आरोपियों ने बताया कि वे एटीएम के पावर प्लग में एक चिप सेट लगा देते थे। जिसे रिमोट से एटीएम को स्विच ऑफ व ऑन कर सकते थे। जब एटीएम से कोई व्यक्ति नकदी निकालने आता और वह रुपए निकालने वाला प्रोसेस कर लेता तो आरोपी मशीन को बंद कर देते थे। जिसके बाद आरोपित महिलाएं रुपए निकालने आए व्यक्ति को समझाती कि आपके 24 घंटे में रुपए आपके खाते में वापस आ जाएंगे।

### *कैश ट्रे से रुपए निकाल लेते*

*एटीएम से रुपए निकालने वाले लोगों के जाने के बाद ये लोग एटीएम की कैश ट्रे से रुपए निकाल लेते। आरोपियों ने एटीएम से रुपए चोरी करने की दिल्ली से दो वारदात, फरीदाबाद से एक वारदात व गुरुग्राम से एक वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया है। आरोपी अहसान पर चोरी करने के संबंध में चार केस दिल्ली में, एक केस गुरुग्राम में तथा आरोपी रईस पर चोरी करने के संबंध में दो केस दिल्ली में व एक केस गुरुग्राम में दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग की एक गाड़ी व 23 हजार रुपए की नकदी बरामद की है।*

## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े गोलीबारी, एक की मौत, एक घायल

**पटना।** पटना में दिनदहाड़े अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी। हत्या की ये वारदात पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में काली मंदिर के पास हुई जहां बैखौफ अपराधियों ने युवकों पर गोलीबारी कर दी। जिन दो युवकों को गोली मारी गई है उनकी पहचान चौक थाना क्षेत्र का रहने वाला लल्लू कुमार और सूरज कुमार के रूप में की गई है। गोलीबारी में घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए एनएमएसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की मौत हो गई है जबकि दूसरा जिंदगी की जंग लड़ रहा है।



### अस्पताल में क्लोरीन गैस का रिसाव

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के मलखान सिंह अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब अस्पताल स्टाफ और मरीजों की आंखों में जलन होने लगी। जांच के दौरान पता चला कि गैस लीक होने की वजह से यह हुआ। तुरंत ही मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक क्लोरीन गैस का रिसाव किसी सिलेंडर से हो रहा था, जिसके कारण लोगों को यह दिक्कत हुई। कुछ मरीजों ने यह भी बताया कि उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत हुई।



### तीन सगे भाइयों समेत पांच को उम्रकैद

**बलिया।** बलिया की एक अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में बुधवार को तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में सात सितम्बर 2020 को शिवजी यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शिवजी की पत्नी राज मुनी देवी की तहरीर पर तीन सगे भाइयों लालजी यादव, छागुर यादव और सरल यादव के साथ-साथ अजय यादव और उसके पिता छोटक यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।



## रामनगरी में भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी

# राम मंदिर आंदोलन से दो बार केंद्र की सत्ता में पहुंची भाजपा अयोध्या तो हारी ही, पूरे मंडल में हुआ सफाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

जिस राममंदिर आंदोलन की वजह से भाजपा ने पूरे देश में जड़ें जमाईं, जिस रामनगरी को भाजपा ने अपने एजेंडे में सबसे शीर्ष पर रखा, जिस अयोध्या की वजह से भाजपा न सिर्फ यूपी बल्कि दो बार केंद्र की सत्ता तक पहुंची, वहां भाजपा हार गई।

500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राममंदिर की सौगात देने के बावजूद फैजाबाद लोकसभा सीट के समूचे अयोध्या मंडल में हुई हार से स्पष्ट है कि स्थानीय जनता के मुद्दों का समाधान करना भी बेहद जरूरी होता है।

अयोध्या में हुए विकास कार्यों में पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला

दो बार रहे सांसद जनता में छवि नहीं बना पाए

मतदाता ने चमक-दमक वाली बातों से दूरी बनाई



लल्लू सिंह, भाजपा



अवधेश प्रताप, सपा (जीते)

### प्रत्याशी चयन में हुई चूक

दो बार से सांसद रहे लल्लू सिंह अब तक पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर जीतते आ रहे थे। इतने लंबे समय तक सांसद रहने के बावजूद वह जनता के दिल में खुद की व्यक्तिगत छवि नहीं बना पाए। इसके विपरीत इंडिया गठबंधन ने कद्दावर सपा नेता और नौ बार के विधायक अवधेश प्रसाद पर दांव खेला। अवधेश की अपने कैडर वोटर और सामान्य जनता में अच्छी पैठ बताई जाती है। उन्होंने इतने गोपनीय तरीके से मतदाताओं में प्रचार-प्रसार किया कि भाजपा थाह नहीं लगा पाई।

**शासन सत्ता से रही नाराजगी**

अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में यहां नौ फीसदी मतदान कम हुआ। इसका मुख्य कारण भाजपा के कैडर वाले स्थानीय मतदाताओं ने मतदान से दूरी बनाना बताया जा रहा है। इसके पीछे शासन-सत्ता से नाराजगी रही। यहां बीते दो वर्षों से चल रहे सड़कों के चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्यों की वजह से जनता को व्यक्तिगत नुकसान हुआ। तोड़फोड़ में किसी की दुकान चली गई तो किसी का मकान। दस्तावेजों की कमी की वजह से बड़ी संख्या में नागरिकों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिला।

### ये मुद्दे भी रहे हावी

- अखिलेश का पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूला अयोध्या में भी काम कर गया। पिछड़ा और मुस्लिम वर्ग का भरपूर वोट तो मिला ही, दलितों ने भी बसपा के बाद अपना नया ठिकाना कांग्रेस को ही समझा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जमकर वोट किया।
- राजनीति के विशेषज्ञों का मानना है कि बसपा का कैडर वोटर भाजपा से नाराज है। बसपा के कैडर मतदाता को लगता है कि भाजपा ने उनकी अपनी पार्टी को खत्म कर दिया। इस नाराजगी का परिणाम रहा कि दलित मतदाता कांग्रेस की ओर छिटक गया। यह स्थिति भाजपा के लिए हमेशा के लिए चुनौती बन गई है।
- इंडिया गठबंधन की ओर से उठाए गए बेरोजगारी, महंगाई, पेपरलीक, अग्निवीर जैसे मसलों ने आमजन के मन को छुआ। इसके आगे धार्मिक ध्रुवीकरण के सारे पैंतरे फेल हो गए। महंगे इलाज और महंगी पढ़ाई से जनता को निजात नहीं मिली। शिक्षा और स्वास्थ्य माफिया हावी हुए। शिकायतों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं हुई।

## लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद एक्शन में सीएम योगी

# आज लेंगे बैठक, जनता से मिले फीडबैक पर अधिकारियों से करेंगे जवाब-तलब

लोकसभा परिणाम के तुरंत बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सभी आला अधिकारियों की बैठक तलब की है। इसमें सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव रहेंगे। चुनावी झटके के बाद एक्शन में योगी, अफसरों की लगेगी क्लास, वोटर फीडबैक पर काम का हिसाब लेंगे।

बैठक में सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव | अधिकारियों को जिम्मेदार बनाने के लिए सख्त | विभागीय कार्यों का विस्तृत ब्यौरा लेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब एक्शन के मूड में हैं। उन्होंने सभी आला अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। गुरुवार को होने वाली इस बैठक में सभी अपर मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिवों को तलब किया गया है।

सीएम योगी विभिन्न विभागों के कामकाज की गहन समीक्षा करेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद सीएम योगी की यह पहली मीटिंग है। लोकसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद तुरंत अधिकारियों तलब करने से सियासी हलचल तेज हो गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को उनके कार्यों का विस्तृत ब्यौरा साथ लाने का निर्देश दिया है। यह बैठक आगामी चुनावी दौरे के दौरान सीएम को जनता से मिले सीधे फीडबैक के बाद की जा रही है। सीएम योगी इस बैठक में प्रत्येक विभाग के कार्यों, उनकी प्रगति, और जनता के फीडबैक के आधार पर सुधार के सुझावों पर चर्चा होगी। सीएम अधिकारियों को उनके कार्यों के प्रति और अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए सख्त कदम उठा सकते हैं।



### प्रशासनिक अफसरों में मची खलबली

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने के तुरंत बाद सीएम योगी का अफसरों को तलब करना कई चर्चाओं को जन्म दे रहा है। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों का दावा है कि यह बैठक सिर्फ विभागीय कामकाज की समीक्षा के लिए बुलाई गई है, लेकिन अधिकारियों में चर्चाओं और कयासों का बाजार भी गरम हो गया है। शासन से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि यूपी में चुनावी भ्रमण के दौरान सीएम को जनता से मिले डायरेक्ट फीडबैक के बाद गुरुवार 6 जून को सीएम अपने अफसरों को अलग अंदाज में डील करने वाले हैं। इसको लेकर प्रशासनिक अफसरों में खलबली मची है।

### लापरवाही पर सख्त एक्शन

शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार सीएम ने सभी प्रमुख सचिवों और अपर मुख्य सचिवों को अपने-अपने विभागीय कामकाज के ब्योरे के साथ तलब किया है। बैठक में सीएम योगी विभागीय कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके लिए सभी अधिकारियों को कामकाज के पूरे ब्योरे के साथ आने के लिए कहा गया है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि सीएम योगी विभागीय कामकाज में थोड़ी भी लापरवाही मिलने पर सख्त एक्शन ले सकते हैं।

### पीएम मोदी ने दी जन्मदिन की बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की है। मोदी ने लिखा है कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मैं उनके आने वाले समय में दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। वहीं प्रधानमंत्री की शुभकामनाओं पर सीएम योगी ने भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि आपकी आत्मीय एवं ऊर्जावान शुभकामनाएं मेरे लिए अथाह प्रेरणा का स्रोत हैं। आपके यशस्वी मार्गदर्शन में विरासत और विकास को संजोए 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश' की संकल्पना साकार हो रही है।

## अखिलेश ने लिया जीत का सर्टिफिकेट

# कन्नौज में बोले- इस क्षेत्र की खुशबू को फिर से महकाएंगे



एजेंसी ▶▶ कन्नौज

मंगलवार को आए लोकसभा चुनाव नतीजों से उत्साहित कन्नौज के सपा कार्यकर्ताओं को खुशी से झूमने का एक मौका और मिल गया, जब उनके नेता सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज सांसद चुने जाने के बाद बुधवार को कन्नौज पहुंचे। दरअसल अखिलेश को जीत का प्रमाणपत्र लेना था। इसलिए वह दोपहर 12 कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से सर्टिफिकेट प्राप्त किया। अखिलेश यादव के कन्नौज पहुंचने की खबर से सपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। उधर, कलेक्ट्रेट से अखिलेश का काफ़िला पार्टी कार्यालय पहुंचा तो सपाई खुशी से झूम उठे। ढोल बजाकर और माला पहनाकर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अखिलेश यादव यहां 15 मिनट रुके और कार्यकर्ताओं से बात की। उसके बाद वह लखनऊ रवाना हो गए।

कन्नौज लोकसभा सीट में अखिलेश यादव को 642292 वोट मिले। वहीं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को 47370 वोट मिले। अखिलेश 170922 मतों के अंतर से जीते।

### सबका आभार व्यक्त किया

जीत का सर्टिफिकेट लेने के बाद अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ये है कन्नौज की महान जनता का पैगाम, सौहार्दपूर्ण सकारात्मक राजनीति के नाम, कन्नौज की ख़ुशबू को फिर से महकाएंगे, सबको शुक्रिया-सबका आभार! अखिलेश ने यूपी में इंडिया गठबंधन की जीत को जन प्रिय जीत बताते हुए कहा कि पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक उस मजबूत गठजोड़ की जीत है, जिसे हर समाज और वर्ग के अच्छे लोग अपने सहयोग व योगदान से और भी मजबूत बनाते हैं।

### जनता की शक्ति से बड़ा न बल, न छल

सपा मुखिया ने कहा कि ये उस दलित-बहुजन भरोसे की भी जीत है जिसने संविधान को बचाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया है, जो समता-समानता, सम्मान-स्वाभिमान, गरिमामय जीवन व आरक्षण का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि जनता ने साबित कर दिया है कि जनता की शक्ति से बड़ा न किसी का बल होता है, न किसी का छल। इस बार जनता ही जीती है, शासक नहीं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आपने हममें जो विश्वास प्रकट किया है, हम उस भरोसे को पूरे दायित्व के साथ कायम रखेंगे और निभाएंगे।

## पेज एक का शेष

### एनडीए 'कल' पेश ...

एनडीए के घटक दलों की बैठक हुई। सभी घटक दलों ने एक स्वर में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए सरकार बनाने पर सहमति दी। बैठक में तय किया गया कि शुक्रवार 7 जून को एनडीए सांसदों की बैठक होगी जिसमें विधिवत रूप से नरेंद्र मोदी को नेता चुना जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार शनिवार आठ जून को नरेंद्र मोदी अपने मंत्रीमंडल के साथ शपथ ले सकते हैं। एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह,चन्द्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, एकनाथ शिंदे,चिराग पासवान,जयंत चौधरी, पवन कल्याण,अनुप्रिया पटेल, प्रभुल्ल पटेल, सुदेश मेहतो व जितिन राम मांझी सहित 16 दलों के 21 नेता शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह को सरकार के प्रारूप को लेकर घटक दलों के साथ बातचीत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये तीनों नेता सहयोगी दलों से मंत्रीमडल में पदों की संख्या और मंत्रालयों से संबंधित मुद्दों पर बातचीत कर सहमति बनाएंगे।

मोदी सरकार में घटक दलों को कितने और कौन से मंत्रालय मिलेंगे यह अभी तय नहीं हुआ है। बावजूद इसके बड़े घटक दलों ने मोटे तौर पर अपनी मांग से भाजपा नेतृत्व को अवगत करा दिया है। तेलगुदेशम और जनता दल (यू) को संतुष्ट करना बड़ा चैलेंज रहेगा। बाकी दलों को लेकर कोई खास परेशानी दिखाई नहीं पड़ रही है।

चर्चा है कि चन्द्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, एकनाथ शिंदे और चिराग पासवान की नजर बड़े और अहम मंत्रालयों पर है। हालांकि अभी किसी भी घटक दल ने सार्वजनिक तौर पर मंत्रालयों को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं पर सूत्रों का कहना है कि चंद्रबाबू छह रसूखदार कैबिनेट मंत्रालय अपनी पार्टी के लिए चाहते हैं। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष का पद भी अपनी पार्टी के लिए मांगा है। हालांकि लगता नहीं है कि भाजपा उनकी मांग पूरा करेगी। गठबंधन की सरकार में भाजपा हर सूरत में लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास ही रखेगी। उधर नीतीश कुमार भी कम से कम तीन बड़े केंद्रीय मंत्रालयों के अलावा दो राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पाने की जुगत में हैं। चन्द्रबाबू और नीतीश दोनों की नजर वित्त मंत्रालय के अलावा रेलवे, सड़क परिवहन और उद्योग मंत्रालय पर है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी वित्त, गृह, रक्षा, रेलवे और शिक्षा मंत्रालय अपनी पार्टी के खाते में रखने की कोशिश करेंगे। हालांकि माना यहीं जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को नंबर गेम के चलते दो-तीन बड़े मंत्रालय नायडू और नीतीश को देने पड़ेंगे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिव सेना प्रमुख एकनाथ शिंदे भी बड़े मंत्रालयों को लेकर दौड़ में हैं। पर उनकी हालत ज्यादा दबाव डालने की नहीं है। वे खुद भाजपा के सहयोग से महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री की कुर्सी पाए हुए हैं, ऐसे में माना यह जा रहा है कि उनको दो केंद्रीय मंत्रालय तो दिए जायेंगे पर वे कपड़ा, श्रम एवं रोजगार, लघु उद्योग या फिर खाद्य आपूर्ति टाइप होंगे। चिराग पासवान भी एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चाहते हैं। चिराग खुद कैबिनेट मंत्री बनेंगे लिहाजा उनकी नजर किसी बड़े मंत्रालय पर है। जबकि दो सीट जीतने वाले आरएलडी के जयंत चौधरी हों, जेडीएस के कुमारस्वामी या जनसेना के पवन कल्याण सभी अपनी पार्टी के लिए एक कैबिनेट मंत्रालय चाहते हैं। जयंत चौधरी को जाट होने की वजह से कृषि मंत्रालय दिया जा सकता है। भाजपा चाहती है कि कृषि कानूनों से जुड़े आंदोलन के बाद नाराज चल रहे जाटों के गुस्से को कम करने के लिए यह सबसे बढ़िया उपाय है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय जयंत को सौंप दिया जाए। हालांकि आरएलडी के सूत्रों का कहना है कि जयंत चौधरी कृषि मंत्रालय की बजाय कोई अन्य मंत्रालय चाहते हैं। उनको मालूम है कि खेती किसानी से जुड़ा मंत्रालय लेने के बाद हर रोज किसानों ख़ासकर जाटों से उनकी मांगों को लेकर आमना-सामना होगा। जेडीएस के एचडी कुमारस्वामी या जनसेना के पवन कल्याण को कैबिनेट मंत्रालय दिया जाएगा यह लगभग तय है पर मंत्रालय मोदी की पसंद का होगा।

अपना दल की अनुप्रिया पटेल अबकी बार कैबिनेट मंत्री बनने की फिर कोशिश करेंगी। पिछली सरकार में भी वे केन्द्रीय मंत्री की बजाय राज्यमंत्री बनाये जाने पर नाखुश थी। प्रधानमंत्री मोदी तब पूर्ण बहुमत की सरकार का नेतृत्व कर रहे थे लिहाजा अनुप्रिया की मांग को अनसुना कर दिया गया था। इस बार सीटें कम होने के चलते सूरत बदली हुई है। ऐसे में माना जा रहा है एक सीट वाले सहयोगियों को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दे दिया जाए। अगर ऐसा होता है तो जितिन राम मांझी क्या रूख अपनाते हैं यह देखने वाली बात होगी। मांझी बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं लिहाजा माना जा रहा है कि उनको कैबिनेट मंत्री के पद से कम कुछ स्वीकार नहीं होगा। असम गण परिषद और अजित पवार की एनसीपी के हिस्से कैबिनेट पद आता है या राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) यह अगले तीन-चार दिन में साफ हो जाएगा।

### नितीश, चंद्राबाबू की...

आगे 277 तक पहुँचने की तैयारी भी इंडिया गठबंधन की थी। फिलहाल, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही नितीश और चंद्रबाबू जाना चाहते हैं, लिहाजा एक मजबूत विपक्षी गठबंधन के रूप में इंडिया गठबंधन की बैठक में नए सिरे से रुपरेखा खींची गई।

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बुधवार को 'इंडिया' गठबंधन दलों की पहली बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आधिकारिक आवास ' राजाजी मार्ग' पर हुई इस मीटिंग में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान खरगे ने कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने ये भी कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वो इसे नकारने की हरसंभव कोशिश कर रहे बैठक में खरगे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वॉड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बेनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत सहित विभिन्न दलों के 33 नेता शामिल हुए।

**इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख नेता :**

मल्लिकार्जुन खड़गे - कांग्रेस
सोनिया गांधी - कांग्रेस
राहुल गांधी - कांग्रेस
के.सी. वेणुगोपाल - कांग्रेस
शरद पवार - एनसीपी
सुप्रिया सुले - एनसीपी
एम.के. स्टालिन - डीएमके
टी.आर. बालू - डीएमके
अखिलेश यादव - सपा
रामगोपाल यादव - एसपी
प्रियंका गांधी वाद्रा - कांग्रेस
अभिषेक बनर्जी - तृणमूल कांग्रेस
अरविंद सावंत - शिवसेना (यूबीटी)
तेजस्वी यादव - राजद
संजय यादव - राजद
सीताराम येचुरी - सीपीआई (एम)
संजय राऊत - शिवसेना (यूबीटी)
डी. राजा - सीपीआई
चंपई सोरेन - झामुमो
कल्पना सोरेन - झामुमो
संजय सिंह - आप
राघव चड्ढा - आप
दीपांकर भट्टाचार्य - सीपीआई (एमएल)
उमर अब्दुल्ला - जेकेएनसी
सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल - आईयूएमएल
पी.के. कुन्हालीकुट्टी - आईयूएमएल
जोस के. मणि - केसी (एम)
थिरु थोल. थिरुमावलवन - वीसीके
एन.के. प्रेमचंद्रन - आरएसपी
डॉ. एम.एच. जवाहिरुल्लाह - एमएमके
जी. देवराजन - एआईएफबी
थिरु ई.आर. ईश्वरन -केएमडीके
डी. रविकुमार - वीसीके

### अभी सरकार ...

नीतियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। जो आर्थिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध हैं उनका स्वागत है। 18वीं लोक सभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ है।

**ये नेता बैठक में रहे मौजूदः** सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले, शिवसेना (उद्धव गुट) के संजय राउत, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी, आरजेडी के तेजस्वी यादव, डीएमके नेता एमके स्टालिन, झारखंड के सीएम चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना, आप नेता राघव चड्ढा और सीपीआई (एम) के सीताराम येचुरी समेत कई नेता मौजूद थे।

### राष्ट्रपति ने की ...

जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्रिमंडल के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य नेताओं का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने भोज को संबोधित किया। इस दौरान सभी नेता डाइनिंग हॉल में बैठे थे। फोटो में दिख रहा है कि पीएम मोदी राष्ट्रपति मुर्मू के सामने बैठे हैं। राष्ट्रपति भोज के लिए पीएम मोदी अपने काफिले के साथ राष्ट्रपति आवास पहुंचे।

### आबकारी मामले में दिल्ली...

लेकिन "अब जब उन्हें आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।" आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया क्योंकि उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई उनकी अंतरिम जमानत की अवधि एक जून को समाप्त हो गई थी। यह मामला दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए आबकारी नीति बनाने और उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। विशेष न्यायाधीश बावेजा ने कहा था कि आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने के लिए है, न कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत के विस्तार के लिए। शीर्ष अदालत ने 10 मई को मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। इसने उन्हें मतदान के अंतिम चरण के समाप्त होने के एक दिन बाद दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र में प्रचार किया। केजरीवाल की अर्जी पर सुनवाई के दौरान उनके वकील ने अदालत को बताया कि उनका मुवक्किल बीमार है और उसे इलाज की जरूरत है। ईडी के वकील ने अदालत में कहा, "केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत अवधि के दौरान प्रचार किया और अब उन्होंने अचानक दावा किया है कि वह बीमार हैं। केजरीवाल ने तथ्यों को छिपाया और अपने स्वास्थ्य सहित अन्य चीजों के बारे में गलत बयान दिए।" उन्होंने कहा, "जो व्यक्ति कह रहा है कि उसकी हालत गंभीर है, उनके आचरण को देखें। जिस दिन से वह रिहा हुए हैं, वह हर जगह प्रचार कर रहे हैं और एक मिनट या दो मिनट नहीं, बल्कि घंटों तक प्रचार कर रहे हैं। उस समय, उनके स्वास्थ्य को कुछ नहीं होता है।" ईडी ने कहा कि केजरीवाल अदालत को "धोखा" देना चाहते हैं।

## चार का ठिकाना बताने पर मिलेगा एक-एक करोड़



एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर

झारखंड के इनामी नक्सलियों की क्षमता के अनुसार उनपर इनामी राशि दोबारा तय होने वाली है। इसका मूल्यांकन हर जिले की पुलिस कर रही है, जो अपनी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजेगी। इसमें वैसे नक्सली जिनकी सक्रियता कम है, उनपर घोषित इनाम को हटाया जाएगा।

वर्तमान में राज्य में 77 इनामी नक्सली हैं। इस सूची को 29 अप्रैल 2024 को संशोधित किया गया था। इससे पहले 72 नक्सली थे। राज्य में जो इनामी नक्सली हैं, उसमें सेंट्रल कमेटी मेंबर व पोलित ब्यूरो मेंबर में एक करोड़ के इनामी 4, स्टेट एरिया कमेटी के 25 लाख के 8, रीजनल कमेटी मेंटर के 15 लाख के 13, जोनल कमेटी मेंबर में 10 लाख के 11, सब जोनल कमेटी मेंबर के 5 लाख के 12, एरिया कमेटी मेंबर में दो लाख के 9 नक्सली शामिल हैं। , जबकि साधारण सदस्यों में एक लाख के 20 नक्सलियों के नाम हैं। इसमें सीपीआई माओवादी, पीएफआई, जेजेएमपी और टीपीसी के उग्रवादी शामिल हैं। आईजी ऑपरेशन अमोल वी होमकर ने बताया कि सीपीआई माओवादी, पीएलएफआई, जेजेएमपी, टीपीसी के उग्रवादियों की इनाम की सूची में संशोधन जारी है।





डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ना लगे अच्छी भूख



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे अच्छी भूख नहीं लगती है। पेट में भारीपन लगता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओमप्रकाश, हिसार**

गर्मियों में लोग पानी अधिक पीते हैं, इसलिए कई लोगों को इस तरह की समस्या आती है। लेकिन आप इस बात पर गौर करें कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित तो नहीं है, क्योंकि पाचन क्रिया प्रभावित होने पर ही पेट में भारीपन महसूस होता है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में सलाद और छाछ या दही जरूर लें और रात में सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह से आपको कुछ राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बैकपेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारगर समाधान बताएं।**

**-संदीप, कोरिया**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका बैक पेन खड़े होने पर होता है, तो सबसे पहले आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्सरे जांच करा लें। इससे पता चल जाएगा कि हड्डी में कोई समस्या तो नहीं है। अगर डॉक्टर जरूरत समझेंगे तो सीटी स्कैन भी करा सकते हैं, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए नियमित रूप में एक्सरसाइज ही समाधान है। डॉक्टर की एडवाइस के बाद फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर आप नियमित रूप से कमर की एक्सरसाइज शुरू कर दें। दवा से फौरी तौर पर राहत मिलेगी, लेकिन एक्सरसाइज से स्थायी तौर पर राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। प्रॉपर डाइट लेने के बावजूद मेरा वेट नहीं बढ़ रहा है। क्या वेट गेन करने के लिए फूड-सप्लीमेंट्स लेना ठीक रहेगा? क्या फूड-सप्लीमेंट्स के साइड-इफेक्ट्स भी होते हैं?**

**-आर्यन, जांजगीर चांपा**

सबसे पहले आप अपना बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई चेक कराएं। अगर बीएमआई के अनुसार आपका वजन ठीक है तो चिंता की बात नहीं है। अगर कम हो रहा है तो जरूर आपको एक बार खून की जांच करानी चाहिए, जिससे पता चल सकेगा कि आपका वजन कम होने का कारण क्या है? इसके लिए आपको सबसे पहले एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पैरों में अकसर सूजन हो जाती है। फिर ये अपने-आप ही ठीक भी हो जाती है। क्या ये नॉर्मल है या फिर किसी बीमारी का लक्षण है?**

**-साकेत, बिलासपुर**

पैरों में अचानक सूजन आना ठीक नहीं है, कई बार शुगर होने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए आपको डॉक्टर से संपर्क कर प्रॉपर जांच करानी चाहिए। इससे सूजन की असली वजह पता चलेगी और उसका उपचार किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज और बोली या सुनी हुई बात तुरंत भूल जाता हूं। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-सुशील, भोपाल**

कई बार उम्र बढ़ने पर किसी को अल्जाइमर की समस्या होती है, जिससे भूलने की बीमारी होती है। इसलिए आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए सुझावों पर अमल करना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। कमजोरी भी महसूस होती है। भूख लगने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-दीपक, रायपुर**

भूख न लगने का सबसे पहला कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है। इससे खाना डाइजेस्ट नहीं होता और भूख कम लगती है, सबसे पहले आपको अपना खान-पान सुधारना होगा। तला-भुना और अधिक मिर्च मसाले वाला खाना छोड़ना चाहिए। इसके साथ ही दोपहर में खाने में दही व सलाद लें। रात में हल्का खाना खाएं। अगर इससे भी आराम नहीं मिलता तो आपको जांच करा लेना चाहिए, क्योंकि संक्रमण की वजह से भी ऐसी समस्या देखी जाती है। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अच्छी हेल्थ के लिए न्यूट्रिशस डाइट लेना निश्चित ही जरूरी है। लेकिन इसके साथ अगर आप रेग्युलर एक्सरसाइज भी करते हैं, तो आप ना केवल हेल्दी रहेंगे, साथ ही हैप्पी और एनर्जेटिक भी फील करेंगे। कई स्टडीज में सामने आया है कि एक्सरसाइज करने से आप कई बीमारियों से बचने के साथ मेंटली भी फिट रह सकते हैं।

# रेग्युलर करें एक्सरसाइज रहें हेल्दी-हैप्पी-एनर्जेटिक



फिटनेस


शिखर चंद जैन

अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स फिजिकल फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। लेकिन जॉगिंग, वॉकिंग, एक्सरसाइज और योगासन करने से तन के साथ ही मन की सेहत भी दुरुस्त होती है। यह न सिर्फ कई अध्ययनों में पता चला है बल्कि लोगों के अनुभवों से भी एक्सरसाइज और अच्छी मेंटल हेल्थ का संबंध सामने आया है।



## एक्सरसाइज से बढ़ता है फीलगुड

न्यूरोफार्मेकोलॉजी जर्नल में प्रकाशित शोध की रिपोर्ट बताती है कि जब भी हम वर्कआउट करके पसीना बहाते हैं, हमारा शरीर हैप्पी हार्मोन या फील गुड न्यूरोट्रांसमीटर का स्राव करता है। इनमें एंडोर्फिन, डोपामाइन, एंडोकैनाबीनोयड्स होते हैं। साथ ही एक्सरसाइज से मायोकींस यानी होप मॉलेक्युल्स (आशा के अणु) भी रिलीज होते हैं, जो मेंटल हेल्थ को लाभ पहुंचाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक हमारी मांसपेशियां जब फिजिकल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होती हैं तो अमीनो अम्ल की चेन मायोकींस रक्त के संचार में आने लगते हैं। इनके प्रभाव से एंजायटी, ट्रॉमा, स्ट्रेस, डिप्रेशन के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आती है।







## इंफ्लेमेशन होता है कम

मेकमास्टर यूनिवर्सिटी कनाडा में काइनेसियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेनिफर हेस्ज, जो ब्रेन हेल्थ के एक्सपर्ट हैं, बताते हैं कि मायोकिंस, हमारे आंतरिक शारीरिक तंत्र में मौजूद इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं।

## बढ़ाए बौद्धिक क्षमता

जर्नल फॉर अल्जाइमर्स डिजीज रिपोर्ट में प्रकाशित लेख के मुताबिक हाल ही में ऐसे भी कई अध्ययन हुए हैं, जिनसे पता चलता है कि एक्सरसाइज करने से ब्रेन के नेटवर्क में शानदार इंप्रूवमेंट होता है और बौद्धिक क्षमता में इजाफा होता है। फिजिकल एक्टिविटी, क्रिएटिविटी को स्टिम्युलेट करती है, निर्णय लेने की क्षमता तेज करती है और मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। साथ ही इससे उम्र के साथ आने वाली बौद्धिक क्षमता में गिरावट की गति पर भी ब्रेक लगता है। इतना ही नहीं, अल्जाइमर्स डिजीज जैसी बीमारी का जोखिम भी धीमा या कम होता है।


## डिप्रेशन को करे कंट्रोल

एक रिपोर्ट के अनुसार हफ्ते में चार बार 30 मिनट की वॉकिंग करने से लोगों में मेमोरी इंप्रूवमेंट देखा गया। ब्रिटिश जर्नल आफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित ताजा अध्ययन की मानें तो जो लोग फिजिकल एक्टिविटीज में रुचि लेते हैं और पर्याप्त एक्सरसाइज, वॉकिंग आदि करते हैं, उनमें डिप्रेशन का ट्रीटमेंट जल्दी और ज्यादा असरकारक होता है। इसके लिए कम से कम 12 हफ्तों तक रोजाना 30 से 60 मिनट की एक्सरसाइज जरूरी है।

## बढ़ाए सेल्फ कॉन्फिडेंस

यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया में रिसर्च फेलो बेन सिंह कहते हैं, माना कि एक्सरसाइज मेंटल हेल्थ ट्रीटमेंट का विकल्प नहीं लेकिन यह इसका एक प्रभावशाली पूरक अवश्य है। रेग्युलर एक्सरसाइज से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ने के साथ-साथ अकेलेपन की फीलिंग भी कम होती है। आप चाहे स्विमिंग करें, वॉकिंग करें, साइक्लिंग करें, योगा करें या दौड़ भाग करें आपके शरीर में मूवमेंट रहना चाहिए। जिनको इसमें आलस्य आता हो, उन्हें स्पोर्ट्स में रुचि लेनी चाहिए। बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे खेल खेलना चाहिए या फिर रोज मनपसंद म्यूजिक चला कर डांस करना चाहिए। इन सभी एक्टिवटीज से आपके भीतर एनर्जी का संचार होता है और आपमें सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। *

## मोटापा कम करने में हेल्पफुल ईवनिंग वर्कआउट



**सुबह किए** जाने वाले नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया जाता है। वहीं एक शोध से यह बात सामने आई है कि शाम को भी व्यायाम करने से मोटापे से ग्रस्त लोगों को अधिक फायदा हो सकता है। डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित यह निष्कर्ष तीस हजार लोगों के डेटा पर आधारित बताया जाता है, जिनको करीब आठ वर्ष तक निगरानी में रखा गया। सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने योग से जुड़े इस शोध में पाया कि समय से पहले मृत्यु और हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम उन लोगों में सबसे कम था, जो शाम को एरोबिक के माध्यम से योग या अन्य शारीरिक गतिविधियों में शामिल थे। सिडनी विवि में वर्कआउट फिजियोलॉजी के व्याख्याता डॉ. एंजेलो सबाग इस बारे में बताते हैं कि कई जटिल सामाजिक कारणों के चलते ऑस्ट्रेलिया के 3 में से 2 लोगों का वजन अधिक है, जो उन्हें दिल के दौरे, स्ट्रोक और हृदय संबंधी अन्य रोगों के अधिक जोखिम में डालते हैं। शाम के व्यायाम से जुड़े इस अध्ययन में टीम ने न केवल संरचित व्यायाम को ट्रैक किया बल्कि तीन मिनट या उससे अधिक समय के निरंतर एरोबिक व्यायाम को भी ट्रैक करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पाया कि उनकी दैनिक शारीरिक गतिविधि की कुल मात्रा से अधिक, फ्रीक्वेंसी मायने रखती है। इसके अलावा शोधकर्ता टीम ने यह भी पाया कि शाम की शारीरिक गतिविधि मधुमेह या मोटापे से जुड़ी कुछ जटिलताओं को दूर करने में मदद कर सकती है। सबाग ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि व्यायाम किसी भी तरह से मोटापे के संकट का एकमात्र समाधान नहीं है। लेकिन अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग दिन के निश्चित समय में अपनी गतिविधि की योजना बना सकते हैं, वे इनमें से कुछ स्वास्थ्य जोखिमों की भरपाई कर सकते हैं।

प्रस्तुति-अजेश कुमार

औषधीय फल

# स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



इन दिनों बाजार में कच्चे और पके आम खूब दिख रहे हैं। आम का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। इसकी वजह है कि इतना स्वादिष्ट होने के साथ यह गुणकारी भी बहुत होता है। इसका अचार, चटनी, मुरब्बा, पना, शेक और शर्बत स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक होता है। हमारे देश में आम की सैकड़ों प्रजातियां पैदा होती हैं। इनमें से प्रमुख हैं- दशहरी, चौसा, तोतापुरी, अल्फांसो, हिमसागर, लंगड़ा, रसपुरी, बायगनपल्ली, सिंधुरा आदि।

**रोग निवारक गुण:** आम में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन कैंसर की आशंका को कम करने में सहायक है। इसमें मधुमेहरोधी गुण पाए जाते हैं। यह हृदय को मजबूत बनाता है। इसमें एंटी-एजिंग और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं। पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में आम बहुत उपयोगी है। इसमें मिलने वाले एंजाइम भोजन का शीघ्र पाचन करने में सहायक होते हैं। आम का सेवन मोटापे को रोकने में हितकर है। इसमें मिलने वाले रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मददगार होते हैं। इसमें मिलने वाला विटामिन ए, आंखों की रोशनी के लिए वरदान है। कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखने में भी आम का सेवन सहायक होता है। आम का गूदा फेसपैक की तरह चेहरे पर लगाने से धूप के दुष्प्रभाव से बचाव होता है। आम शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है। जिनकी याददाश्त (स्मरण शक्ति) कमजोर है, उनके लिए आम में मिलने वाला ग्लूटामिन एसिड बहुत उपयोगी है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी आम का सेवन बहुत लाभदायक है।

**ऐसे करें सेवन:** गर्मी के मौसम में अगर दोपहर में घर से बाहर जाना पड़े तो एक ग्लास आम का पना पीकर निकलेंगे तो धूप और लू से बचाव होगा, साथ ही पानी का स्तर भी संतुलित रहेगा। इसके लिए आम को आग में भूनकर पानी में मथ कर जरा-सा नमक मिलाकर पिएं।



- आम खाकर गुठली को फेंकने के बजाय इसको सुखाकर रखें। इस गुठली को फोड़कर अंदर से मिंगी (अंदर की गुठली) निकालकर साफ कर सिल-बट्टे पर दरदरा पीस कर चौथाई चम्मच चूर्ण जरा सा शहद मिला एक ग्लास पानी में मिलाकर पीने से दस्त में आराम मिलता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को नियमित करती है और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार है। यह चूर्ण शरीर के टॉक्सिंस को बाहर करने में भी सहायक है। ये उपचार सामान्य हैं। सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

प्रिकॉशन

संध्या रानी

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही से आप डायरिया के शिकार हो सकते हैं। बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में जल्दी आते हैं। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान रखना चाहिए।

# डायरिया से ऐसे करें बचाव



गर्मी में पेट से संबंधित समस्या होना आम बात है। कई बार पेट में इंफेक्शन के कारण खाना हजम नहीं होता है और पतले मोशन होने लगते हैं। बार-बार लूज मोशन होने के कारण शरीर से पानी अधिक निकल जाता है। इससे शरीर में सुस्ती आ जाती है और कमजोरी लगने लगती है। इस समस्या को डायरिया कहा जाता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। लूज मोशन के कारण डिहाइड्रेशन हो जाता है। इससे किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए इसको रोकने के लिए अपने खान-पान और साफ-सफाई पर बहुत ध्यान देना चाहिए।

**डायरिया होने के कारण :** इस मौसम में डायरिया होने का प्रमुख कारण संक्रमित आहार लेना होता है। इसलिए बाजारू खाने से परहेज करना चाहिए। बाजार में बिकने वाले मिल्क शेक, कटे हुए फल, गोल गप्पे, जूस और कटे रखे सलाद खाने से भी डायरिया होने का चांस अधिक रहता है। बुजुर्गों और बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत नहीं होती है, इसलिए इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह भी हो सकता है कि आज आपने बाजारू खाना खाया और उसके एक-दो दिन के बाद आपको संक्रमण हो। पर्याप्त मात्रा में पानी ना पीने और लिक्विड डाइट ना लेने से भी डायरिया होने का रिस्क बढ़ता है।

**प्रमुख लक्षण :** डायरिया होने पर जो प्रमुख लक्षण महसूस होते हैं, उनमें शामिल हैं-पेट में दर्द होना, गैस की शिकायत होना, पेट में मरोड़ आना, लूश मोशन होना, आंखें अंदर जाना, मुंह सूखना, जीभ सूख जाना और कमजोरी लगना आदि।

**बचाव के उपाय :** डायरिया से बचाव का प्रमुख उपाय यह है कि बाजार में मिलने वाले खाने के बजाय घर का बना ताजा और स्वच्छ खाना ही खाएं। खूब पानी पीते रहें। गर्मी के मौसम में चाय और कॉफी से परहेज करें, क्योंकि इससे यूरीन का उत्पादन ज्यादा होता है। कोल्ड ड्रिंक पीने से परहेज करें। इसके बजाय जहां तक हो सके नीबू पानी, नारियल पानी, सादा पानी, छाछ, लस्सी आदि को बदल-बदल कर पीते रहें। लेकिन यह ध्यान रखें कि नारियल पानी दिन में एक बार ही पिएं क्योंकि इसमें पोटेशियम होता है, जो दिल पर प्रेशर डालता है। ठेले पर बिकने वाली खुली हुई और कच्ची चीजें न खाएं, जैसे कि कटे फल, सलाद इत्यादि।

**उपचार के तरीके :** अगर डायरिया हो गया है तो लाइट डाइट ही लें, ताकि आसानी से हजम हो जाए। खाने में घर का बना हुआ खिचड़ी, दाल, चावल और सूप ले सकते हैं। इंफेक्शन के कारण भूख नहीं लगती है फिर भी हर दो-तीन घंटे में पानी पीएं और कुछ हल्का खाते रहें। इस दरम्यान दूध का सेवन न करें, लेकिन दही ले सकते हैं, वह भी घर का जमा हुआ। थोड़ी-थोड़ी देर में पेशेंट को हल्का खाना देते रहें, पर जितना आराम से खा सके, उतना ही खाएं। तीन-चार घंटे के अंतराल पर फल खाते रहें।

**बरतें सावधानियां :** अपने खान-पान के प्रति बेहद सावधान रहें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं। यहां तक कि बाहर बिकने वाला पानी भी न पीएं। घर का बना हुआ ताजा खाना ही खाएं। जब भी घर से बाहर जाएं तो अपने साथ खाना और पानी की बॉटल साथ लेकर जाएं। दिन के समय घर से बाहर तभी जाएं जब बहुत जरूरत हो। खासतौर पर डायरिया के पेशेंट घर में ही रहें और आराम करें। *

**(डाइटीशियन नेहा पेठानिया से बातचीत पर आधारित)**

अवेयरनेस

ललिता गोयल

इन दिनों प्लास्टिक बॉटल में पानी पीने का ट्रेंड बहुत बढ़ गया है। लेकिन ऐसा करना आपके स्वास्थ्य के लिए हार्मफुल हो सकता है। इससे कैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं और किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# क्या आप भी पीते हैं प्लास्टिक बॉटल में पानी!



आज के दौर में प्लास्टिक हमारी मॉडर्न लाइफस्टाइल का एक अटूट हिस्सा बन चुका है। आजकल जहां देखो हमारे आस-पास प्लास्टिक ही प्लास्टिक नजर आता है। किचेन के डब्बे हों या बाजार में बिकने वाली पानी की बोतल। खाने की पैकिंग हो या सामान लाने वाले पॉलिथिन। कप, प्लेट, स्ट्रॉ हर तरफ प्लास्टिक ही दिखता है।

## शरीर के लिए हार्मफुल

कुछ लोग तो प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से परिचित हैं लेकिन कई लोग ऐसे हैं, जो इसके दुष्प्रभाव के बारे में कुछ भी नहीं जानते। वे नहीं जानते कि प्लास्टिक का उपयोग मनुष्य के शरीर के लिए कितना हानिकारक साबित हो सकता है। इससे निकलने वाले केमिकल्स, शरीर को किस हद तक हानि पहुंचा सकते हैं और इससे प्रकृति के साथ-साथ मनुष्य के शरीर को भी कितना नुकसान पहुंचता है? पानी तो अधिकांश लोग यात्रा के दौरान प्लास्टिक की बोतल में ही पीते हैं, जबकि यह बहुत हार्मफुल होता है। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से आपकी सेहत को क्या नुकसान हो सकता है और कैसे शरीर को अंदर से खोखला कर रहा है प्लास्टिक, इस बारे में जानना जरूरी है।

## हो सकती हैं कई प्रॉब्लम्स

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का कहना है कि जब प्लास्टिक गर्म होता है तो उसमें से 50 से 60 तरह के अलग-अलग केमिकल्स बाहर निकलते हैं और



ये शरीर के लिए अत्यंत घातक साबित होते हैं। प्लास्टिक का प्रयोग करने की वजह से इसमें पाए जाने वाले केमिकल्स से सीधा शरीर का संपर्क होता है। इससे अनेक बीमारियों से शरीर घिर सकता है। प्लास्टिक में पाए जाने वाले केमिकल जैसे सीसा, कैडमियम और पारा शरीर में कैंसर, विकलांगता, इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी जैसे गंभीर रोग उत्पन्न करते हैं और इससे बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है। एक शोध के अनुसार प्लास्टिक की बोतल में ईडीसीए यानी कि एंडोक्राइन डिस्सेंटिंग केमिकल जैसा बहुत ही खतरनाक और नुकसान देने वाला केमिकल पाया जाता है, जो कि इंसानी हार्मोनल सिस्टम को धीरे-धीरे परंतु सीधे तरीके से नुकसान पहुंचाता है। इसकी वजह से प्यूबर्टी भी जल्दी आती है, वहीं डायबिटीज की समस्या भी हो सकती है।

प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स की वजह से महिलाओं में ओवरी से संबंधित बीमारियां और ब्रेस्ट कैंसर जबकि पुरुषों में कोलन कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से इम्यूनिटी पर प्रभाव पड़ता है, जिस वजह से वो कमजोर हो सकती है। दरअसल, प्लास्टिक की बोतल में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक आपके ब्लड सर्कुलेशन में आ जाने की वजह से वो शरीर की इम्यूनिटी कम कर देता है।

## दूरी बनाना है जरूरी

प्लास्टिक की बोतल जब गर्मी के संपर्क में आती है तो एक केमिकल रिलीज करती है, जिसे डायोक्सिन कहते हैं। रिलीज किए गए इस केमिकल की वजह से ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ प्लास्टिक पर्यावरण को भी काफी हद तक प्रभावित करता है। इसलिए अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी लाइफस्टाइल में प्लास्टिक के प्रयोग को बिल्कुल ना कहें। *

सीएम ने मप्र में 180 से अधिक आम सभाएं और 58 रोड शो किए

# भाजपा और मोदी के विश्वास पर खरे उतरे डॉ. यादव

## लो प्रोफाइल रहकर भाजपा के स्टार कैम्पेनर बने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक सामान्य सा कार्यकर्ता और लो प्रोफाइल व्यक्ति राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का स्टार कैम्पेनर बन सकता है, इसका सटीक उदाहरण हैं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में हमारे सामने हैं। मुख्यमंत्री के रूप में बहुत कम कार्यकाल में ही वे पार्टी के स्टार कैम्पेनर के रूप में उभरकर सामने आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के विश्वास पर उन्होंने खरा उतरकर दिखाया है।



### हर मुद्दे को बेबाकी से रखा, विपक्ष को जमकर घेरा

*प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर वो मुद्दा उठाया है, जिससे विपक्ष बचता नजर आया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी हों या आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, चाहे गठबंधन के नेता हों या सपा के अखिलेश यादव। देखा जाए तो सभी डॉ. मोहन यादव के सवालों से बचते नजर आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हर सभा में विपक्षी गठबंधन के साथ कांग्रेस को भी सीधा ललकारते दिखाई देते रहे। उन्होंने राहुल गांधी की नादानी को भी उजागर किया, तो वहीं अखिलेश यादव के यूपी के गुंडाराज और सनातन के अपमान को भी दोहराया। उन्होंने केजरीवाल से जुड़े हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है, चाहे फिर वो लिकर कांड के आरोपी के रूप में हों, या फिर मुख्यमंत्री कार्यालय में आप पार्टी की महिला सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट व बदसलूकी। बिना लाग लपेट के उन्होंने विपक्ष के हर सवालों का जवाब भी दिया तो वहीं विपक्ष को कठघरे में खड़ा भी किया।*

### पीएम मोदी की गारंटी व सनातन का पक्ष रखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूरे प्रचार के दौरान अपनी आक्रामकता को बरकरार रखा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को धरातल पर उतारने का भरपूर प्रयास किया। सभाओं के दौरान पीएम मोदी और भारतीय जनता पार्टी की हर गारंटी को मजबूती से रखा। इसी के साथ भारतीय सनातन परंपरा और महान आदर्शों के रूप में भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए गौरवशाली इतिहास को दोहराया तो वहीं सनातन के अपमान पर विपक्ष सहित कांग्रेस को भी जमकर घेरा है।

### साफ दिखा अथक परिश्रम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में लोकसभा चुनावों के 4 चरणों के दौरान अथक परिश्रम किया। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय और संवाद स्थापित किया, तो वहीं कार्यकर्ताओं में भी नया उत्साह और जोश भरने का काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रचार की बात करें, तो 4 चरणों के दौरान अकेले मप्र में ही सभी लोकसभा में पहुंच बनाते हुए 180 से अधिक जनसभाएं और 58 से अधिक रोड शो किए। मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनावों परिश्रम की पराकाष्ठा को न केवल पार करके दिखाया, बल्कि जन-जन तक भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गारंटी के प्रति विश्वास जगाने का काम किया है। उन्होंने बहुत कम समय में पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच बनाई है। इसका मुख्य कारण है उनकी सरलता, सहजता और स्पष्ट कार्यशैली। ये एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में बड़ी बात है।*

## मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार

# प्रदेश भाजपा ने आतिशबाजी कर सेलिब्रेट की ऐतिहासिक विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मध्यप्रदेश सहित देश भर में मिली विजय पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में विजय उत्सव मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित वरिष्ठ नेतृत्व ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए उनके अथक परिश्रम की सराहना करते हुए केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी। साथ ही देश और प्रदेश के लाखों लाख कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर ढोल-ढमाकों के साथ अपनी खुशियां जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने मोदी है तो मुमकिन है और भाजपा जिंदाबाद के नारे बुलंद करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए प्रचंड जीत की बधाई दी।



### कांग्रेस के अहंकार को दिया जवाबः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस चुनाव में हमारी लड़ाई कांग्रेस और उसके सहयोगियों के परिवारवाद के खिलाफ थी। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग संविधान बदलने का आरोप लगाते हैं, लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि डॉ. आंबेडकर का बनाया मूल संविधान, जिसके पृष्ठ पर श्री रामदरबार का चित्र था, वो किसने हटाया? हमारे कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के अहंकार और बड़बोलेपन का जवाब दिया। डॉ. यादव ने कहा, देश में यह पहला अवसर है, जब कोई गैर कांग्रेसी सरकार तीसरी बार रिपीट हो रही है और हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाएंगे।

### यह जीत 2019 की तुलना में कई मायनों में अलग

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार की जीत 2019 की तुलना में कई मायनों में अलग है। आजादी के बाद संभवतः पहली बार हमने मुख्य चुनाव में छिंदवाड़ा में जीत दर्ज की है। दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता जो दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं, इस चुनाव में धराशायी हो गए हैं। पिछले चुनाव में जनता ने भोपाल से उनका हिसाब किया था और इस बार उन्हें उनके घर ले जाकर छोड़ दिया। झाबुआ-रतलाम में हम पिछली बार एक लाख वोटों से जीते थे, इस बार जनता दो लाख से अधिक वोटों से कांतिलाल भूरिया को हराया।

### जनता ने बता दिया एमपी के मन में मोदीः विष्णुदत्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सभी 29 सीटों पर ऐतिहासिक विजय के लिए प्रदेश के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कम समय में प्रदेश की जनता को जो विश्वास जीता है, उसका बहुत बड़ा योगदान है। देश और प्रदेश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान किया है। विधानसभा के चुनाव में प्रदेश की जनता ने बता दिया था कि एमपी के मन में मोदी हैं। देश की जनता ने एनडीए को बहुमत दिया और मोदी तीसरी बार सरकार बनाएंगे और गरीब कल्याण और विकास की रफ्तार जिस गति से चल रही है वो निरंतर चलती रहेगी। शर्मा ने कहा कि मप्र ने एक बार फिर यह दिखा दिया है कि अगर मोदी के मन में एमपी है, तो एमपी की जनता भी प्रधानमंत्री मोदी जी से उतना ही प्यार और विश्वास करती है।

### भारत को विकसित बनाने मप्र को विकसित बनाना होगाः शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह विजय उत्सव है। पिछले चुनाव में भाजपा ने मप्र में 28 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त की थी। छिंदवाड़ा नहीं जीत पाने की कसक थी। लेकिन इस चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं और प्रदेश संगठन की मेहनत से छिंदवाड़ा लोकसभा में ऐतिहासिक विजय मिली है, अब वह कसक भी समाप्त हो गई। चौहान ने कहा कि एमपी के मन में मोदी का भाव साकार हुआ है। केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाना चमत्कार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो संकल्प व्यक्त किया है कि आप सभी अगले 25 वर्ष देश के लिए समर्पित कर दो। यह विराट जीत है, यह महाविजय है। अब भारत को विकसित बनाने के लिए मध्यप्रदेश को विकसित बनाना होगा, इसके लिए हम मेहनत की पराकाष्ठा करेंगे।

# आलोक ने तोड़ा आलोक का रिकॉर्ड पांच लाख वोटों से हासिल की जीत

**नोटा का वोट प्रतिशत बढ़ा, 6 हजार 629 ने दबाया नोटा, 20 उम्मीदवार नहीं बचा सके जमानत भी**

भोपाल लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा ने मंगलवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने भोपाल लोस सीट पर अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव को 5 लाख 1 हजार 499 वोटों से हराया। आलोक को 9 लाख 81 हजार 109 वोट मिले है। जबकि कांग्रेस के अरुण को 4 लाख 79 हजार 610 वोट मिले। नोटा को 6629 लोगों ने वोट दिया। इसके पहले यह रिकार्ड भाजपा के ही आलोक संजर के नाम था। उन्होंने 3 लाख 70 हजार मतों से कांग्रेस उम्मीदवार को हराया था।

मंगलवार को सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट में भाजपा उम्मीदवार को सबसे अधिक 2824 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को 912 मत मिले। करीब साढ़े आठ बजे से ईवीएम से गिनती शुरू की गई। यहां पहले राउंड से भाजपा उम्मीदवार ने बढ़त बना ली थी, जो अंतिम राउंड तक जारी रही।



- *पोस्टल बैलेट में भी आलोक को मिली 1912 वोट की बढ़त*
- *एक फीसदी कम मतदान के बाद भी तोड़ा जीत का रिकॉर्ड*

### मध्य में 9 राउंड में कांग्रेस ने जीती बाजी

मध्य विधानसभा में कांग्रेस ने पहले राउंड से बढ़त ले ली थी, जो 6 वें राउंड तक कायम रही। 7 वें और 8वें राउंड में बीजेपी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। 9वें से कांग्रेस ने फिर बढ़त बनाई, जो 11 वें तक जारी रही। हालांकि 12 वें राउंड से 18 वें तक कायम रही। अंतिम राउंड में एक बार फिर कांग्रेस को जीती। मध्य में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। कांग्रेस को 71468 और भाजपा को 66457 मत मिले। यहां अरूण श्रीवास्तव 5011 वोटों से जीत दर्ज की।

### इस बार कम वोटिंग, फिर भी टूटा पिछला रिकॉर्ड

भोपाल सीट पर 1957 से लेकर अब तक हुए चुनाव में पहली बार 2019 में सबसे ज्यादा 65.69 फीसदी मतदान हुआ था। 2024 में यह रिकार्ड नहीं टूट सका। इस लोकसभा में 62.29 फीसदी मतदान ही हुआ था। हालांकि जीत का मार्जिन रिकार्ड तोड़ रहा। पिछली बार करीब 3 लाख 64 हजार वोटों से भाजपा की प्रभा ठाकुर ने जीत दर्ज की थी। 2024 में आलोक शर्मा ने 5 लाख 1499 वोटो से रिकार्ड जीत दर्ज की।

### उत्तर में कांग्रेस का दबदबा अंत तक रहा कायम

उत्तर विधानसभा में एक बार फिर आलोक को हार का सामना करना पड़ा। इसके पहले हुए विधानसभा चुनावों में भी हार का सामना करना पड़ा था। लोस में पहले राउंड से कांग्रेस ने बढ़त बनानी शुरू कर दी थी। जो अंत तक जारी रही। यहां कांग्रेस को 91 हजार 580 और भाजपा को 69 हजार 59 वोट मिले। कांग्रेस के अरूण ने 22 हजार 521 वोटों से जीत दर्ज की।

### नरेला में रही टक्कर

लोस की नरेला विधानसभा में कांग्रेस 6 बार भाजपा से आगे रही। यहां पहले राउंड में भाजपा उम्मीदवार आगे रहे तो अगले ही राउंड में कांग्रेस ने बढ़त बनाई। तीसरे राउंड से 8 वें राउंड तक भाजपा की बढ़त रही। 9वें राउंड से 12 वें राउंड तक कांग्रेस उम्मीदवार ने बढ़त बनाई। कांग्रेस को 63 हजार 914 और भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख 25 हजार 265 वोट मिले।

### कांग्रेस की गोविंदपुरा में करारी हार

*गोविंदपुरा विधानसभा में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। यहां पर आलोक पहले राउंड से जो आगे हुए, तो अंतिम राउंड तक उनकी बढ़त बरकरार रही। कांग्रेस उम्मीदवार एक भी राउंड में टक्कर देते नजर नहीं आए। अरूण को 47 हजार 657 और आलोक को 1 लाख 75 हजार 82 वोट मिले। यहां भाजपा उम्मीदवार ने 1 लाख 27 हजार 425 वोटों से जीत दर्ज की।*

### यह रही राउंडवार स्थिति

| राउंड | कांग्रेस | भाजपा | अंतर |
|---|---|---|---|
| 1 | 26555 | 63202 | 36647 |
| 2 | 37532 | 49012 | 11480 |
| 3 | 25796 | 61161 | 35365 |
| 4 | 24995 | 60742 | 35747 |
| 5 | 32678 | 57239 | 24561 |
| 6 | 29575 | 57351 | 27776 |
| 7 | 30491 | 57428 | 26937 |
| 8 | 27178 | 59475 | 32297 |
| 9 | 31228 | 56723 | 25495 |
| 10 | 32304 | 55420 | 23116 |
| 11 | 37084 | 50803 | 13719 |
| 12 | 24921 | 54890 | 29969 |
| 13 | 34429 | 51473 | 17044 |
| 14 | 25763 | 53767 | 28004 |
| 15 | 18951 | 54219 | 35268 |
| 16 | 17618 | 50704 | 33086 |
| 17 | 11515 | 39477 | 27962 |
| 18 | 5700 | 24892 | 19192 |
| 19 | 4137 | 18615 | 14478 |
| 20 | 348 | 1692 | 1344 |
| टोटल | 479610 | 981109 | 501499 |

नोटा 6629

### हुजूरः भाजपा को 1.36 लाख मतों की बढ़त

हुजूर विधानसभा सीट को भाजपा ने पर 1 लाख 36 हजार वोटों से जीत लिया। यह पिछले लोकसभा चुनाव से अधिक है। 2019 में 97 हजार 549 वोटों से हुजूर में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। यहां एक बार भी अरुण लड़ाई में नजर नहीं आए।

### सीहोर : सिर्फ एक बार कांग्रेस सफल

*भोपाल लोकसभा की सीहोर विस सीट पर भाजपा उम्मीदवार ने जो बढ़त बनाई वो 13वें राउंड पर आकर रुकी। फिर भाजपा ने फिर बढ़त बनाई जो अंतिम राउंड तक कायम रही। कांग्रेस को 40,304 और भाजपा को 1,13,455 वोट मिले। आलोक ने यहां 73,151 से जीत दर्ज की।*

### द.-प. में एक बार ही जीत सके अरुण

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सीट में भाजपा उम्मीदवार पहले राउंड से आगे रहे। यहां कांग्रेस उम्मीदवार सिर्फ एक बार 9वें राउंड में जीत दर्ज की। कांग्रेस को 26 हजार 541 और भाजपा को 58 हजार 927 वोट मिले। आलोक ने यहां 32 हजार 486 वोटों से जीत दर्ज की।

**बैरसिया : 17 राउंड में एक बार भी आगे नहीं हुए**

बैरसिया विधानसभा की मतगणना के शुरूआती दौर से ही भाजपा के आलोक शर्मा ने बढ़त बनानी शुरू कर दी थी, जो अंत तक कायम रहा। कांग्रेस उम्मीदवार को 46 हजार 639 और भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख 18 हजार 830 वोट मिले। आलोक ने 72 हजार 191 के अंतर से जीत दर्ज की।

---

### कोटाडोल धान खरीदी केंद्र प्रबंधक के खिलाफ थाने में की शिकायत

# समिति प्रबंधक की मिलीभगत से किसानों के खाते से बिना अनुमति निकाली राशि

- *25 किसानों के साथ भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य थाने पहुंचे*
- *किसान क्रेडिट कार्ड से बिना किसानों की अनुमति खाद भी निकाली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेंद्रगढ़

एमसीबी जिले के कोटाडोल धान खरीदी केंद्र प्रबंधक के खिलाफ शिकायत करने लगभग 25 लोग कोटाडोल थाना पहुंचे। नाराज किसानों द्वारा समिति प्रबंधक की मिलीभगत से किसानों के खाते से बिना जानकारी के राशि आहरण का आरोप लगाकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

आपको बता दें की किसानों के खातों से बिना बताए लोन आहरण का मामला गरमा गया है। कोटाडोल के लगभग 25 किसानों के साथ भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह भी उचित कार्रवाई की मांग करने थाना पहुंचे। थाना में आवेदन देने के बाद किसानों ने बताया की कई किसानों की फसल बीमा की राशि गबन करने का मामला भी है। वहीं किसानों की बिना अनुमति जिला सहकारी बैंक जनकपुर के खातों से पैसा आहरण का मामला दर्ज कराने लगभग 25 किसान थाना आए है। समिति प्रबंधक की मनमानी से किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड से बिना किसानों की अनुमति से खाद भी फर्जी तरीके से निकाल लिया गया है।



### उचित कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे उग्र प्रदर्शन

भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह ने भी किसानों की पीड़ा समझते हुए किसानों के साथ कोटाडोल थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से बात की। उन्होंने स्पष्ट कहा है की समिति प्रबंधक की मनमानी भाजपा शासनकाल में नहीं चलेगी। अगर किसानों की समस्याओं का जल्दी ही निराकरण नहीं होगा और प्रबंधक पर उचित कार्रवाई नहीं की जाएगी तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। कोटाडोल थाना प्रभारी रामनरेश गुप्ता का कहना है कि किसानों द्वारा समिति प्रबंधक रमाकांत पाण्डेय के विरुद्ध आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, हो गई मौत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के कोसमंदा गांव मुख्य मार्ग में ट्रेलर वाहन चालक ने मोटर साइकिल सवार अधेड़ को कुचल दिया। हादसे में अधेड़ भागीरथी साहू 54 वर्ष की घटना स्थल में ही मौत हुई है। वह पीआईएल में गाड़ी चलने का काम करता था। चांपा थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, मंगलवार की दोपहर चोरिया निवासी भागीरथी साहू पीआईएल कंपनी में वाहन चलाने का काम करता है। वह अपने घर से बाइक से पीआईएल काम पर जा रहा था, तभी कोरबा से रायगढ़ कोयला लेकर जा रहे ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार कर कुचलते हुए करीबन 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया।

## मां ने डेढ़ साल के बेटे की गला दबाकर की हत्या

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में एक निर्मोही मां ने अपने ही डेढ़ साल के मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 4 जून को घरघोड़ा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बरौनाकुण्डा जूनाडीह में एक महिला लक्ष्मी धोबी 21 साल ने अपने ही डेढ साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आगे की जांच में जुट गई है।

# करमता भाजी के साथ धतूरा के पत्ते की सब्जी बनाकर खाने से तीन लोगों की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में करमता भाजी के साथ धतूरा पत्ता को धोखे से काट कर सब्जी बनाकर खाने के बाद तीन की हालत बिगड़ी गई, जिन्हें जिला मेडकिल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पोता और दो नाती को उपचार के लिए जिला मेडकिल कॉलेज में भर्ती कराया है। कुसमुंडा थाना अंतर्गत वैशाली नगर निवासी 70 वर्षीय बाबू लाल धुर्वे, 24 वर्षीय विकास धुर्वे और 20 वर्षीय विनय धुर्वे तीनों रिश्ते में दादा और पीते हैं। बाबू लाल धुर्वे की पत्नी धतूरा पत्ता तोड़कर घर पर लाई और किचन में ऊपर रख दी, उस धतूरा पत्ते को पीस कर उसके नाती विनय के पैर में लगाना था, जहां उसे चोंट लगी थी। इस दौरान बाबू धुर्वे की बहू शांति बाई भी करमता भाजी लेकर आई और किचन में रखी जहां दोनों के पत्ते एक जैसे होने पर शांति बाई सब्जी बनाकर रख दी। थोड़ी देर बाद बाबू लाल धुर्वे उसका बड़ा नाती विनय और विकास तीनों एक साथ खाना खाने बैठे विनय और विकास को खाने के बाद कड़वा लगने लगा उसके बाद आधा खाना खा कर छोड़ दिए, लेकिन बाबु लाल पूरा खा गया, जहां तीनों की एक के बाद हालत बिगड़ने लगी और 108 के माध्यम से जिला मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अक्षय, पुत्रः स्व. विष्णु दत्त शर्मा, पताः RZ-20 P/1, गलीः O, पूर्व सागरपुर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 0346/2019, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अक्षय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अक्षय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 0346/2019, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना सागरपुर** के अभियुक्त **अक्षय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईशा सिंह**
**महानगर दंडाधिकारी–03, कमरा नं. 18, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/6619/SW/2024**

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नामः **नामालूम**, परिवार व पता **नामालूम**, उम्रः लगभग **50-55 वर्ष**, जो **दिनांक 02.06.2024 को छोटी मस्जिद के सामने, फ्लाइओवर के पास, बदरपुर, नई दिल्ली** में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी सं. 140-ए, **दिनांक 02.06.2024 को थाना बदरपुर, दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृतक के शव को 72 घंटे तक एम्स अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरूष, **आयुः** लगभग 50-55 वर्ष, **कदः** 5' 2" फीट, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **बालः** गंजा - आंशिक, **पहनावाः** बहुरंगी चैकदार शर्ट और नीले रंग की जींस पैंट पहने हुए।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करेंः-

**थाना प्रभारी**
**थानाः बदरपुर, दिल्ली**
**फोनः 011-29894753, 29894754**
**मोबाइलः 8750870933**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/6854/SE/2024**

## चिंतन

# सफल लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष भी बहुत जरूरी

तय हो गया है कि नरेंद्र दामोदर दास मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्हें एनडीए संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। यह सही है कि पिछली बार की तरह 2024 में अकेली भाजपा को सरकार गठन के लिए जरूरी सीटें नहीं मिली हैं, लेकिन भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त हो गया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव भी दुनिया में सबसे बड़ा और पारदर्शी रहा है, जिसमें करीब 64 करोड़ लोगों ने वोट डाला। दुनियाभर की सियासी निगाहें हम पर थी और एक बार फिर हमारा लाकतंत्र जीत गया। लोकतंत्र यानी लोगों का तंत्र, लोगों की मर्जी, उनकी पसंद, उनके प्रतिनिधि। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है कि नेता जनता द्वारा चुने जाते हैं और उसके बाद होता है विपक्ष। किसी भी लोकतंत्र के बेहतर तरीके से काम करने के लिए जरूरी है कि उसमें असहमति और नाराजगी की गुंजाइश हो और सत्तारूढ़ सरकार पर निगाह हो। हमने दस सालों में देखा कि हमारी संसद विपक्षविहीन थी। यहां तक कि कांग्रेस या फिर किसी अन्य दल को इतनी सीटें भी नहीं मिली थी कि वे विपक्ष का नेता बन सकें। यह समझना तो आसान है कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष कितना जरूरी है, लेकिन अगर विपक्ष मजबूत न हो, तो क्या होता है! वह भी बड़ा मसला है। सबसे मोटी बात तो यह है कि कोई सरकार चाहे दक्षिणपंथी हो, समाजवादी हो या फिर साम्यवादी। गलतियां सभी करती हैं और करेंगी भी और होंगी भी। उन गलतियों पर किसी की नजर होनी भी जरूरी है, इसलिए मजबूत विपक्ष आवश्यक होता है ताकि वो सरकार की हर गलती पर उसे अलर्ट करे, उसका विरोध करे। विपक्ष या विपक्षी पार्टियां जब मजबूत नहीं होती हैं तो सत्ताधारी पार्टी को मनमानी करने की गुंजाइश होती है। इससे लोकतंत्र के बाकी तीनों स्तंभ भी कमजोर पड़ जाते हैं, इसलिए जरूरी है कि विपक्ष न केवल मजबूत हो बल्कि हर देशवासी का प्रतिनिधित्व भी करता हो। वह अपने सदस्यों के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विश्वास पर भी खरा उतरता हो। लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत का बेहतर उदाहरण पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस सरकार का है। जब भाजपा विपक्ष में थी, तब कांग्रेस सरकार ने अटल जी को विदेश यात्रा पर इलाज के लिए भेजा था। सफल लोकतंत्र के लिए यह चीजें जरूरी हैं। अगर विपक्ष कमजोर है तो ऐसा हो पाना संभव नहीं है। अब जबकि तय हो गया है कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। कुछ ताकतों ने बीते 24 घंटे में यह भ्रम फैलाने का प्रयास किया कि केंद्र में सरकार बदल सकती है। इसके लिए अलग-अलग तर्क पेश किए गए, लेकिन अब बिहार के मुख्यमंत्री बिहार के सीएम नीतीश कुमार और दूसरे किंगमेकर टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने मोदी के संसदीय दल के नेता बनने पर मुहर लगा दी है तो साफ है कि केंद्र में कोई बड़ा बदलाव नहीं होना जा रहा। नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। हां इस बार विपक्ष भी मजबूत होगा। सत्ता में एक ही पार्टी का होना या सिर्फ एक ही पार्टी का दबदबा होना इसलिए भी हानिकारक है, क्योंकि जब कोई चुनौती नहीं होगी और कोई दूसरी पार्टी सत्ता में आएगी नहीं, तब तक जनता को पता ही नहीं चलेगा कि बेहतर प्रशासन की कितनी गुंजाइश है और क्या बदला जा सकता है, देश को कैसे बेहतर चलाया जा सकता है, इसलिए जरूरी है कि विपक्ष बेहतर हो। यही कारण रहा है दुनिया की सबसे बड़ी आबादी ने शानदार व्यवस्था को चुना और एनडीए और इंडिया को इस हिसाब से सीटें दी कि देश को बेहतर दिशा में ले जाएं।



चुनाव परिणाम
सुरेश हिंदुस्तानी

# भाजपा को सबक, विपक्ष को संजीवनी

भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान चार सौ पार का नारा दिया, वह पूरा नहीं हो सका। उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद दिला दी। हां लेकिन यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से लगातार संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी की हार बता रहा है।

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण संदेश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, वह पूरा नहीं हो सका। पूरा होने की बात छोड़ो पार्टी उसके आसपास भी नहीं पहुंच पाई और उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद दिला दी। हां लेकिन यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक़ बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से लगातार संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है, लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक़ सीट की संख्या उसके पास है, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इस दृष्टि से इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज नरेंद्र मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं।

भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भारतीय जनता पार्टी की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूर्वानुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भी है कि उसने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार वाले दावे की हवा निकाल दी। भाजपा नीत राजग गठबंधन 300 के पार भी नहीं जा सकी। इसे इस रूप में भी देखा जा रहा है कि अकेले मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जाता, जीतने के लिए प्रत्याशी भी अच्छा होना चाहिए। कहा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस मामले में चूक गई। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि



उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकर्ताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका। यह भी भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन को मिली सफलता इस बात का परिचायक है कि इन दोनों दलों ने मुस्लिम और यादव मतों पर ज्यादा मेहनत की। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को भी अपने पाले करने के लिए मेहनत की। इसी मेहनत ने अपेक्षित परिणाम दिए।

यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने इंडी गठबंधन के लिए विजय के द्वार खोलने में मदद की। ऐसा नहीं है कि उनकी मदद करने की मंशा थी, वह मदद नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग का जो वोट भारतीय जनता पार्टी को मिलना था, वह इस बार उसको नहीं मिला। इसे भी भारतीय जनता पार्टी की हार के रूप में देखा जा रहा है। वैसे राजनीतिक दृष्टि से आकलन किया जाए तो यह भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने तीसरी बार सत्ता को अपने पास रखा है। इंडी गठबंधन भी इसलिए सक्रिय हो गया है, क्योंकि अगर किसी भी स्थिति में बिल्ली के भाग्य से छीका टूट गया तो मलाई खाने का अवसर मिल सकता है।

चुनाव परिणामों के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजग की सरकार बनेगी, साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी होगा, इसलिए अब भाजपा नीत सरकार को बेहद सधे कदमों से चलना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं कि ज़ब विपक्ष कमजोर रहा, तब उन्होंने संसद को कई बार बाधित किया। चूंकि अब विपक्ष मजबूत है तो इस बात की बहुत ज्यादा संभावना बन जाती है कि वे छोटी छोटी बातों पर संसद को बाधित कर सकते हैं। यह बात सही है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक सफलता प्राप्त की है और अपने तीसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है। हम जानते हैं कि विपक्ष के कई बड़े राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे हैं। इनमें से कई जमानत पर बाहर हैं, इसलिए यह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का साथ देंगे, इसकी गुंजाइश कम ही है। लेकिन यह सच है कि भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन होना ही चाहिए। यह देश को अच्छा बनाने का कदम है, जिसके लिए सभी दलों को साथ देना चाहिए।

जहां तक राजनीति की बात है तो लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से प्रचार किया गया, उसमें नकारात्मकता अधिक देखी गई। नकारात्मक राजनीति दोनों ही तरफ से देखने को लिखी रचनात्मक विरोध तो कहीं भी देखने को नहीं मिला। रचनात्मक विरोध राजनीति को स्वस्थ और स्वच्छ बनाता है। चूँकि अब चुनाव समाप्त हो गए हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, इसलिए अब नकारात्मक राजनीति से सभी दलों को तौबा करने की ओर कदम बढ़ाने चाहिए और देश को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने पर विचार करना चाहिए। विरोध का विचार त्यागना चाहिए, क्योंकि अब विरोध करने का नहीं, बल्कि देश को बनाने का समय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



महाराष्ट्र राज्य के मुंबई में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर भारत में गणेश के सबसे प्रमुख मंदिर में से एक है। इस मंदिर की दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान है जिसकी वजह से देश-विदेश से लोग श्री गणेश भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। 1801 में लक्ष्मण विठू और देउबाई पाटिल द्वारा निर्मित करवाये गये इस मंदिर में भगवान गणेश की एक मूर्ति स्थापित है जिसके पीछे एक बहुत खास कहानी है।

सवाल
योगेश कुमार सोनी



# मतदान कर्मियों की मौत का जिम्मेदार कौन?

बीते सोमवार चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी में चुनाव के दिन गुजरने को लेकर कहा कि अगली बार चुनाव अप्रैल महीने तक करा दिए जाएंगे। चुनाव के दौरान कई चुनाव अधिकारियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इस पर चुनाव आयोग ने गलती मानी और यह भी कहा कि चुनाव गर्मी से पहले खत्म हो जाने चाहिए थे, चूंकि तमाम मतदान कर्मियों के अलावा कुछ मतदाताओं की भी जान चली गई। दरअसल, देशभर से मिली आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में चुनाव ड्यूटी पर तैनात 33 लोगों सहित 60 लोगों की शनिवार को गर्मी के कारण मौत हो गई। इस घटना से हर कोई दुखी है चूंकि जिन लोगों ने सुचारू रूप से चुनाव कराया उन्हीं की बलि चढ़ गई। दरअसल इस बार भी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से देश की संचालन प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ा है, लेकिन मन में एक सवाल जरूर आता है, जब सरकार को पता है कि गर्मी में चुनाव कराना हर तरह से चुनौती पूर्ण है तो वह हर बार इस ही मौसम में चुनाव क्यों कराती है। यदि यह मामला एक होता तो मात्र आकस्मिक घटना लगती लेकिन बिहार, ओडिशा और मध्य प्रदेश में हुई हैं और सबसे ज्यादा मौत उत्तर प्रदेश में हुई। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मौतों की पुष्टि की और कहा कि मृतक होमगार्ड, सफाई कर्मचारी और अन्य मतदान कर्मचारी थे जो दिन भर चलने वाली वोटिंग प्रक्रिया के दौरान ड्यूटी पर थे। बीते शुक्रवार यूपी में 15 मतदान कर्मियों की मौत हुई थी। शनिवार को कुल 108,349 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि 1300 से अधिक लोग हीट स्ट्रोक की स्थिति के कारण अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की हालात गंभीर भी बताई जा रही है। इसके अलावा बिहार में मतदान देने वाले तीन लोगों की मौत हो गई। यदि किसी वजह से इस ही समय चुनाव होने की अनिवार्यता होती है तो चुनाव आयोग को इतने बेहतर इंतजाम करने चाहिए कि कम से कम किसी जान तो न जाए। आज हम हाइटेक दौर में जी रहे हैं लेकिन हमारे यहां लोग बुनियादी जरुरत के अभाव में अपनी जान गंवा रहे हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के चुनाव के लिए इस तरह के मौसम में चुनाव कराने से परहेज करना होगा चूंकि कोई भी पर्व किसी इंसान की जान से बढ़कर नहीं हो सकता। चाहे व कोई धार्मिक पर्व हो या राष्ट्रीय पर्व। बेहतर बदलाव की हर कोई कामना करता है और हमें हर उस बिन्दु का ध्यान रखना होगा जिससे सिस्टम अपडेट व अपग्रेड हो। हम किसी भी नुकसान की परवाह नहीं करते, लेकिन जब बात जान पर आ जाए अब इस मामले में सोचना भी पड़ेगा और बोलना भी पड़ेगा। जहां एक ओर चुनाव आयोग लोगों को वोट डालने व अन्य प्रक्रिया पर करोड़ों रुपये खर्च करता है,तो यहां भी उनका ध्यान केंद्रित होना चाहिए। मतदान कर्मियों की बुनियादी हर सुविधाओं को ध्यान रखना होगा। इस मामले को लेकर हर तरह की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए आगामी चुनाव होने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## बच्चों को सुख-सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण जरूरी

हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है। इस मौके पर अलग-अलग तरीके से पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। आज पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति और जनजीवन दोनों खतरे में हैं। जीवन जीने के लिए प्रकृति का सुरक्षित होना काफी ज्यादा जरूरी है और यह जिम्मेदारी हम सभी की बनती है कि हम अपने आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित रखें और हरियाली बनाए रखें। हम छोटे-छोटे कदम उठाकर, जैसे कम पानी और बिजली का इस्तेमाल करना, कचरे को कम करना और उसका पुनर्चक्रण, पौधे लगाना, वाहनों का कम इस्तेमाल करना आदि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।

*- संकेत तिवारी, कांकेर*

## ट्रेंड


### वन क्षेत्र में वृद्धि



आप सभी को बहुत खुशी होगी कि पिछले दशक में, भारत ने कई सामूहिक प्रयास किए हैं जिससे वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। सतत विकास की दिशा में हमारी खोज के लिए बहुत अच्छा है। सराहनीय है कि कैसे स्थानीय समुदाय इस अवसर पर आगे आए और उन्होंने इसका नेतृत्व किया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खुद को शिक्षित करना होगा



हम पृथ्वी को नष्ट कर सकते हैं और रक्षा भी कर सकते हैं। यह समझने के लिए खुद को शिक्षित करना चाहिए कि जीवन शैली को कैसे बदलना है। विश्व पर्यावरण दिवस पर हमें उस स्थिति के बारे में सोचना होगा जिसमें हम खुद को पाते हैं।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

### नायडू शाह की बात मानेंगे?



शाह ने चंद्रबाबू नायडू को अपशब्द कहे. उन्हें भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा अवसरवादी कहा जा रहा है! कहते हैं कि एनडीए के दरवाजे उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो गए हैं! क्या इतने अपमान के बाद नायडू मोदी/शाह की बात मानेंगे?

-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता

### उज्जवल आर्थिक भविष्य



'स्थिर' से 'सकारात्मक' की ओर यह कदम हमारे देश की ठोस आर्थिक विकास कहानी में क्षमता का एक और प्रमाण है। यह निवेशकों के बढ़ते विश्वास और भारत के उज्जवल आर्थिक भविष्य का प्रतीक है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# अमेरिका ने तियानमेन बरसी पर चीनी खतरों से चेताया



अमेरिकी संसद के सदस्यों ने चीन के तियानमेन चौक पर हुए नरंसहार की बरसी पर मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी आज भी उतनी ही निर्दयी और दमनकारी है जितनी 1989 में थी जब उसने बीजिंग में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टैंक भेजे थे। डेमोक्रेटिक सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने आगाह किया कि चीनी के राष्ट्रपति शी चिनफिंग अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हिंसा का सहारा लेने से भी गुरेज नहीं करते, उनके पूर्ववर्तियों ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, 'हमें यह याद रखना चाहिए जब शी चिनफिंग बोलते हैं कि वे विध्वंसकारी और अलगाववादी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे...तो इसका मतलब वह दुनिया से कह रहे हैं कि (पार्टी) उन टैंकों को फिर से उन लोगों की आवाज दबाने के लिए भेज देगी जो स्वतंत्रता के लिए खड़े होंगे।' तियानमेन दमन की बरसी पर मंगलवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम में इस आंदोलन के पूर्व छात्र नेता और हांगकांग के युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। यह कार्यक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ने चीन को लेकर अपनी नीति में प्रतिस्पर्धा पर जोर देना शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकना है।

## ऑफ बीट

# टैटू से लिंफोमा का खतरा 21 फीसदी अधिक होता है



पछतावे को कई वर्षों तक टैटू का सबसे गंभीर दुष्प्रभाव माना जाता था। लेकिन मेरे नए अध्ययन से पता चलता है कि टैटू बनवाने के परिणामों पर चिंता करने के लिए इससे भी बदतर चीजें हो सकती हैं। टैटू अब पहचान व्यक्त करने या जीवन में मील के पत्थर का जश्न मनाने का एक मुख्य साधन है। फिर भी हम टैटू स्याही में खतरनाक रसायनों ने पिछले दस वर्षों के दौरान यूरोप में ध्यान आकर्षित किया है। समानांतर में, शोध से पता चला है कि जो स्याही त्वचा में इंजेक्ट की जाती है वह वहां नहीं रहती है। शरीर टैटू स्याही को एक बाहरी चीज़ के रूप में मानता है जिसे हटाने की आवश्यकता होती है, और गोदने से प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है जिसके परिणामस्वरूप स्याही कणों का एक बड़ा हिस्सा लिम्फ नोड्स में चला जाता है। लेकिन पहेली का आखिरी भाग गायब है: लसीका प्रणाली में जमा टैटू स्याही लोगों के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती है? बिंदुओं को जोड़ने के लिए, स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय में मेरे सहकर्मियों और मैंने, यह जवाब देने के लिए एक बड़ा अध्ययन किया कि क्या टैटू बनवाने से घातक लिंफोमा का खतरा बढ़ सकता है, जो कैंसर का एक दुर्लभ रूप है और सफेद रक्त कोशिकाओं (लिम्फोसाइट्स) को प्रभावित करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों के लिए ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन तैयार

# संसद में नव निर्वाचित सांसदों के स्वागत, हाजिरी व पंजीकरण से लेकर ठहरने का किया गया 'खास इंतजाम', दिल्ली में होगा उनका 'वेलकम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है। भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख और समय भी मुकर्रर हो गया है। बताया जा रहा है कि निवर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून की शाम को हो सकता है। इसे लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इसी बीच लोकसभा सचिवालय भी 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत करने के लिए तैयार है। नए माननीयों के स्वागत और उनकी खातिरदारी के लिए लोकसभा सचिवालय भी पूरे जोर-शोर से लगा हुआ है।

लोकसभा सचिवालय भी 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत करने के लिए तैयार है। नए सांसदों का हवाई, रेल या सड़क मार्ग से दिल्ली पहुंचने पर निर्धारित स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। सचिवालय ने नए सांसदों के पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाया है।

### रेलवे स्टेशन पर होगा स्वागत

उम्मीदवारों की अधिसूचना के बाद नवनिर्वाचित सांसदों का राजधानी दिल्ली आना शुरू हो जाएगा। उनकी यात्रा से पहले लोकसभा सचिवालय के नोडल अधिकारी उनसे संपर्क करेंगे और दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशनों पर उनका स्वागत करेंगे। इसके लिए लोकसभा सचिवालय विभिन्न टर्मिनलों पर विशेष स्वागत केंद्र भी बनवा रहा है।



### जरूरी कागजात दिए जाएंगे

नए सांसदों के हवाई, रेल या सड़क मार्ग से दिल्ली पहुंचने पर निर्धारित स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उन्हें संसद भवन के एनेक्सी एक्सटेंशन बिल्डिंग में लाया जाएगा, जहां उनका फिर से स्वागत किया जाएगा। यहां सांसदों को फोन कनेक्शन, नए बैंक खाते, संसद भवन में स्मार्ट एक्सेस कार्ड, उनके वाहनों के लिए फास्टैग स्टिकर और राजनयिक पासपोर्ट समेत कई दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाया

लोकसभा सचिवालय ने नए सांसदों के पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाया है। पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से की जाएगी। प्रक्रिया 5 से 14 जून के बीच जारी रहेगी। शनिवार-रविवार को भी रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा।

### ठहरने की समुचित व्यवस्था भी तय

पहली बार चुने गए सांसद या ऐसे सांसद जो एक अंतराल के बाद फिर से निर्वाचित होकर पहुंचे हैं, उनके दिल्ली में विभिन्न राज्यों के सरकारी गेस्ट हाउस, वेस्टर्न कोर्ट हॉस्टल में रुकने की व्यवस्था होगी।

## खबर संक्षेप

### गोला फटने से घायल महिला की मौत



**जम्मू।** जम्मू में मोर्टार का गोला फटने से घायल हुए 3 लोगों में से एक 76 वर्षीय महिला की बुधवार को सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। 27 मई को सांबा जिले के पुरमंडल क्षेत्र के खड़ा मदाना गांव में जंग लगा, मोर्टार का गोला के फटने से सेमरू देवी, रमीत सिंह और सुरइया बीबी घायल हो गए थे। देवी के सिर में गंभीर चोट आईं थीं। बुधवार तड़के मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई।

### खाने के रुपए मांगे तो मालिक को चाकू मारा



**कल्याण।** महाराष्ट्र के कल्याण से एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक होटल मालिक द्वारा बिल मांगने पर उनके ऊपर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घटना कोलसेवाड़ी पुलिस थाने के अंतर्गत विश्वास ढाबा की है। हमलावरों के हमले में होटल मालिक की एक अंगुली भी कट गई। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने हिरासत में भेज दिया है।

### राजभर को एनडीए की बैठक में नहीं बुलाया



**नई दिल्ली।** एनडीए बैठक में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओपी राजभर को नहीं बुलाया गया है लोकसभा चुनाव से पहले हुई एनडीए की बैठक में आकर्षण का केंद्र ओपी राजभर ही थे। इसे लेकर ओपी राजभर का बयान भी आया है। एनडीए की बैठक पीएम आवास और इंडिया गठबंधन की बैठक कांग्रेस प्रमुख के आवास पर हुई है।

### 'वनयात्रा' हर साल लगाएंगे 10 लाख पौधे



**नई दिल्ली।** एक अच्छे और बेहतर कल के लिए साफ-सुरक्षित पर्यावरण बेहद जरूरी है। हमारी सेहत सिर्फ हमारे खानपान और रहन-सहन से ही नहीं, बल्कि हमारे आसपास मौजूद हमारे पर्यावरण से भी प्रभावित होती है। हमारी अच्छी सेहत में पर्यावरण का भी अहम योगदान होता है। साथ ही एक बेहतर कल के लिए वंतारा ने सालाना 10 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### शिमला के आसपास जंगल में भड़की आग



**शिमला।** शहर के आसपास जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। राजधानी के समीप आठ क्षेत्रों में आग लगी। शहर के हीरानगर, सेरी-नेरी, नाराहॉल, सनोग, चायली मोड़, बैजनी, हथनीधार और भराड़ी के पास जंगलों में आग भड़की। अभी तक 214 आग के मामले दमकल और वन विभाग के सामने आए हैं जिनमें 350 हेक्टेयर क्षेत्र से ज्यादा इलाका प्रभावित हुआ है।

## लोकसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी को लगा जोर का झटका

# शून्य पर आई बसपा तो मुसलमानों से मायावती का मोह भंग, पहले 'तौलेंगी'

इस चुनाव में बसपा की हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई है। वह 2014 की तरह ही एक बार फिर शून्य सीट ही लेकर आई है। मायावती ने कहा कि प्रतिनिधित्व देने के पहले अब काफी सोच-विचारकर फैसला लेंगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो गए। इसमें सपा-कांग्रेस गठबंधन ने यूपी में सबसे ज्यादा सीटें हासिल की हैं। इस चुनाव में बसपा की हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई है, जो कि 2014 की तरह ही एक बार फिर शून्य सीट ही लेकर आई है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मुसलमानों को प्रतिनिधित्व देने को लेकर बड़ी बात कही है।

दरअसल नतीजों में बसपा के शून्य सीटें आने पर मायावती ने दो पन्नों का एक बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया है। इसमें कहा गया कि मुस्लिम समाज बसपा का खास अंग रहा है, लेकिन पिछले कई चुनावों और इस बार के लोकसभा चुनाव में भी उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद बसपा को समझ नहीं पा रहा है।

### दो पन्नों का बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया

उनकी 2014 की तरह हो गई हालत

मुस्लिम समाज पूर्व में बसपा का खास अंग था



### नुकसान पर करेंगी विचार

मायावती ने मुस्लिम समाज को लेकर कहा कि अब भविष्य में बेहद ही सोच-समझकर चुनाव में पार्टी उन्हें मौका देगी, जिससे पार्टी को भविष्य में इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी की हार की गहन समीक्षा करने और सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही है। मायावती ने कहा कि अब देश के लोकतंत्र और संविधान और देशहित के बारे में उन्हें ही सोचना और फैसला करना है। मैं इस पर विचार करूंगी।

### गंभीरता से विश्लेषण करेंगे

मायावती ने कहा है कि लोगों को यह सोचना चाहिए कि यह जो चुनाव परिणाम आया है, उसका आगे उन सबके जीवन पर क्या असर पड़ने वाला है और उनका अपना भविष्य कितना शांत, समृद्ध और सुरक्षित रह पाएगा, या नहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बारे में गंभीरता से विश्लेषण करेंगी। पार्टी के मूवमेंट के हित में जो भी जरूरी होगा, उसे लेकर ठोस कदम उठाएंगी।

### चुनाव आयोग पर भी उठा दिए सवाल

मायावती ने प्रचंड गर्मी में चुनाव कराए जाने को लेकर सवाल उठाए और कहा कि बसपा चुनाव आयोग से मांग करती रही है कि चुनाव बहुत लंबा नहीं खिंचना चाहिए। यह चुनाव सात चरणों में ढाई महीने लंबा चला है। चुनाव में आम लोगों के हितों के साथ कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए।

#### फड़णवीस ने ली महाराष्ट्र में हार की जिम्मेदारी
### डिप्टी सीएम पद छोड़ने की पेशकश की



**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने ली है। फड़णवीस ने डिप्टी सीएम पद से मुक्त करके संगठन में काम करने की अपील अपने शीर्ष नेतृत्व से की है। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व ने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। फड़णवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में मिली हार मेरी जिम्मेदारी है, ये सेट बैक जो हुआ है उसकी जिम्मेदारी मेरी है। मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। मैं संगठन के लिए पूरे तरीके से काम करना चाहता हूं। शीर्ष नेतृत्व ने इसे नहीं माना है।

#### सीएम शिंदे ने कहा
### हम सब साथ लड़े तो यह सामूहिक जिम्मेदारी



**मुंबई।** देवेंद्र फड़णवीस के प्रस्ताव पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा है कि हार-जीत की जिम्मेदारी सामूहिक है और वे जल्द ही उनसे बात करेंगे। शिंदे ने कहा कि तीनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा था। हार के कारणों की ईमानदारी से समीक्षा की जाएगी।

#### विधानसभा चुनाव में करारी हार
### ओडिशा के सीएम पटनायक का इस्तीफा



**भुवनेश्वर।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ ओडिशा विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आ चुके हैं। विधानसभा चुनाव में पटनायक के नेतृत्व में बीजू जनता दल को हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद पटनायक ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्यपाल रघुवर दास को इस्तीफा सौंपा। अब ओडिशा में बीजद के 24 साल का राज भी खत्म हो गया।

## मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास किया

# एनडीए सहयोगियों पर डोरे उनके 'मंसूबे' रहेंगे अधूरे

विपक्ष मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिन में देख रहा: चौहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता को पीएम मोदी पर पूरा विश्वास है। पूरब-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण हर जगह भाजपा की उपस्थिति है। भाजपा ने दक्षिण भारत में अच्छा प्रदर्शन किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरा एनडीए पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। जो लोग एनडीए सहयोगियों पर डोरे डाल रहे हैं उनके मंसूबे कभी पूरा नहीं होंगे। शिवराज ने कहा कि विपक्ष मुंगेरीलाल के हसीने सपने दिन में देख रहा है। ऐसे सपने कभी पूरा नहीं होंगे। पूरा एनडीए भाजपा के साथ है। पीएम मोदी एनडीए का चेहरा हैं।

### दक्षिण भारत में बढ़ा भाजपा का वोट शेयर

सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। जब उनसे सवाल किया गया कि यूपी, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान में भाजपा की सीटें कम हुई है तो उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में भाजपा ने अच्छा किया है। भाजपा का वोट शेयर भी बढ़ा है। तेलंगाना में भाजपा की सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है।

### मैं केवल एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं

केंद्र में मंत्री बनने के सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा कि अभी वो इसके बारे में नही सोच रहे हैं। वे पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। पार्टी के लिए जो भी बेहतर हो सकेगा वह करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अभी सांसद हूं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कई बार सीटें कुछ कम हो जाती हैं। कई जगहों पर हम आगे भी बढ़े हैं। जहां पर पार्टी हारी उसके बारे में भाजपा विचार करेगी।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# भारी मात्रा में विस्फोटक, बैटरियां, नक्सली साहित्य बरामद, तलाशी अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई और बाद में विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि मंगलवार को खुफिया सूचना मिली थी कि नक्सलियों के अहेरी 'एलओएस' (स्थानीय अभियान दस्ता) के कुछ सशस्त्र कार्यकर्ता स्थानीय तेंदू पत्ता ठेकेदारों से धन उगाही करने के लिए जिले में घुसे हैं।

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम रमेश के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 की एक टीम तुरंत महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर इंद्रावती नदी के तट पर स्थित क्षेत्र के लिए रवाना हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुधवार सुबह ग्यारेवाड़ा गांव के पास नक्सलियों ने पुलिस की टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी की गई। इसके बाद नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए।



उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक, तार, बैटरियां, नक्सली साहित्य और नक्सलियों द्वारा लाए गए कुछ 'पिट्ठू' या किट बैग बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### सहस्त्रताल ट्रैक पर 5 ट्रैकर्स की मौत, 4 फंसे

**नई दिल्ली।** उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के दौरान मौसम खराब होने के चलते रास्ता भटककर जान गंवाने वाले पांच ट्रैकरों के शव निकाल लिए गए हैं। इसके अलावा 13 ट्रैकरों को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से 11 को एयरलिफ्ट किया गया। जबकि, दो को वन विभाग की टीम पैदल लेकर आ रही है। अभी 4 ट्रैकर लापता हैं, जिनकी खोजबीन जारी है। इसके 29 मई को कर्नाटक और महाराष्ट्र के ट्रैकरों का 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुश कल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए रवाना हुआ था। 2जून को यह दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंच गया था। इनमें से 20 ट्रैकर्स 3 जून को सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए हुए थे, लेकिन मौसम खराब हो गया।

## एनजीटी परिसर में पौधरोपण



**नई दिल्ली।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी ने बुधवार को नई दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनजीटी परिसर के अंदर एक पौधा लगाया।

## लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की

# कांग्रेस की 4 राज्यों में 8 से 13 गुना तक बढ़ गई सीटें

### चुनावी विश्लेषण

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा फायदा मिला पार्टी को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की है। पार्टी का यह प्रदर्शन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव से कहीं बेहतर है।

2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी जबकि 2019 में उसने 52 सीटें जीती थी। इस तरह कांग्रेस ने अपने पिछले आंकड़े में 47 सीटों की बढ़ोतरी की है। निश्चित रूप से कांग्रेस ने इस प्रदर्शन से राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाया है।

### महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक और हरियाणा में बेहतर परिणाम मिले, तालमेल भी ठीक दिखा




कांग्रेस ने चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन बनाने की पहल की और इसमें शामिल अपने सहयोगी दलों के साथ पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा। विशेषकर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और बिहार में कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ अच्छा तालमेल दिखाया और एनडीए को 300 सीटों के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचने दिया। कांग्रेस ने जिन राज्यों में अपनी सीटें बढ़ाई हैं, उनमें महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा आदि शामिल हैं।

### यूपी से 7 महिलाएं संसद में करेंगी नेतृत्व

**लखनऊ।** देश की सबसे बड़ी पंचायत में इस बार 7 महिला सांसद यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनमें से सपा की सर्वाधिक 5 महिला सांसद चुनी गई हैं। इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर 851 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। इसमें 80 महिला उम्मीदवार शामिल थी। प्रमुख दलों में भाजपा ने 7, सपा ने 10, कांग्रेस ने एक, अपना दल (एस) ने दो और बसपा ने तीन महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया था। पिछले लोकसभा चुनाव में यूपी से 11 महिला सांसद चुनी गई थीं।

### कोई और होता तो इस्तीफा देता: झा



**पटना।** राजद के नेता मनोज झा ने भाजपा को बहुमत न मिलने पर खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने गठबंधन, सरकार बनाने पर बड़ी बात कही। इस बार भाजपा 32 सीट बहुमत से पीछे हैं। जनता ने आपको झटका दिया है। मोदी की जगह कोई और होता तो इस्तीफा दे देता।

### खरगे ने बड़ा दिल दिखाया होता तो...



**पटना।** नीतीश कुमार के एक बार फिर से पॉलिटिकल मूव के सवाल पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि इंडिया अलायंस में वापसी की तो कोई संभावना नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अगर बड़ा दिल दिखाया होता तो यहां नहीं होते।

## देशभर में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू

# देश के कई राज्यों में बारिश की संभावना तो कहीं पर लू चलेगी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बाद अब देशभर में प्री मानसून गतिविधियां देखने को मिली रही है, हालांकि कुछ राज्यों में लोगों को लू और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जिन राज्यों में बारिश होना है, उसमें दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्य शामिल है। यहां हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर भारत के राज्यों में बारिश के आसार है।

### मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान

### पंजाब, हरियाणा में जारी रहेगी गर्मी

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित पंजाब, हरियाणा में फिलहाल गर्मी और लू जारी रहेगी, जबकि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में बारिश का अनुमान है।

### इन राज्यों में बारिश के आसार

दक्षिणी राज्य तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, सहित पूर्वोत्तर और महाराष्ट्र के कुछ राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। केरल, ओडिशा , छत्तीसगढ़, दक्षिण मध्य प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## रुपये में 14 पैसे की तेजी लौटी 83.37 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयरों में मजबूत लिवाली तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से रुपये की तेजी पर कुछ अंकुश लग गया।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस देगी लागत पक्ष पर ध्यान



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन 2024-25 में लागत पक्ष और बदलाव योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी। टाटा समूह अपने विमानन व्यवसाय को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है।

## दवा के लिए टॉरेंट फार्मा का टाकेडा से समझौता

**नई दिल्ली।** टॉरेंट समूह की प्रमुख कंपनी टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स लि. ने टाकेडा फार्मास्युटिकल्स के साथ भारत में वोनोप्राजन को वाणिज्यिक स्तर पर पेश करने के लिए समझौता किया है। टॉरेंट फार्मास्युटिक्लस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह गैर-विशिष्ट पेटेंट लाइसेंस समझौता है। समझौते के तहत कंपनी इस दवा को बाजार में पेश करेगी।

# अब टीवी देखना हो जाएगा पहले से महंगा, जल्द बढ़ने वाले हैं चैनलों के रेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीवी पर भी महंगाई की मार पड़ने वाली है। जल्द ही टीवी देखने के लिए आपको अपनी जेब से और ज्यादा पैसा निकालना होगा। डिज्नी स्टार, वायाकॉम 18 , जी एंटरटेनमेंट और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स ने अपने रेट में इजाफा कर दिया है।

■ ट्राई ने लोकसभा चुनाव तक का इंतजार करने को कहा था

इसका असर सीधा आपकी जेब पर पड़ने वाला है। टीवी सब्सक्रिप्शन रेट में 5 से 8 फीसदी का इजाफा हो सकता है। रेट में बढ़ोतरी करने के लिए ट्राई ने लोकसभा चुनाव तक का इंतजार करने को कहा था। अब लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही कभी भी टीवी चैनलों के रेट बढ़ सकते हैं।

### ट्राई ने रुकने का दिया था निर्देश

सभी ब्राडकास्टिंग कंपनियों ने डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म ऑपरेटर्स (डीपीओ) से नए एग्रीमेंट पर साइन करने को कहा था। इसके बाद टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सभी ब्रॉडकास्टर्स से कहा था कि वो लोकसभा चुनाव होने तक एग्रीमेंट साइन न करने वालों के सिग्नल बंद नहीं करें। अब ट्राई कभी भी इसकी मंजूरी दे सकता है।

**टीवी सब्सक्रिप्शन रेट में 5 से 8 फीसदी का इजाफा हो सकता है**

### डीपीओ पर रेट बढ़ाने का दबाव बनाएंगे

लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ था। साथ ही 4 जून को चुनाव के नतीजे भी आ गए हैं। ऐसे में सभी ब्रॉडकास्टर्स अब डीपीओ पर रेट बढ़ाने का दबाव बनाएंगे। एयरटेल डिजिटल टीवी ने पहले ही रेट में बढ़ोतरी कर दी है। बाकी डीपीओ भी बढ़े हुए रेट का भार बहुत जल्द जनता के कंधों पर ही डाल सकते हैं।



### जनवरी में ब्रॉडकास्टर्स ने बढ़ा दिए थे 10 फीसदी रेट

इसी साल जनवरी में सभी बड़े ब्रॉडकास्टर्स ने अपने चैनलों के बुके रेट में 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया था। वायाकॉम 18 ने सबसे ज्यादा 25 फीसदी रेट बढ़ाए हैं। क्रिकेट राइट और एंटरटेनमेंट चैनलों के मार्केट शेयर में इजाफा होने के चलते यह बढ़ोतरी की गई थी। नए रेट फरवरी से ही लागू हो गए थे।

## चुनावी नतीजों के झटके से उबरा शेयर बाजार

# एनडीए सरकार गठन के कदम से सेंसेक्स 2303 अंक झूमा, निफ्टी भी रहा मजबूत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303.19 अंक यानी 3.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,455.77 अंक तक चढ़ गया था। बैंक, वाहन तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

*चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है।*

### निफ्टी में 735.85 अंक की बढ़त

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735.85 अंक यानी 3.36 प्रतिशत उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785.9 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल सभी शेयर लाभ में रहे।

### एचडीएफसी बैंक व रिलायंस में भारी खरीदी

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। बुधवार को बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13.22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

### सरकार गठन को लेकर निवेशकों की चिंता दूर

भाजपा नीत राजग ने लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के बहुमत हासिल करने के एक दिन बाद बुधवार को यहां बैठक में सरकार गठन की विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। गठबंधन सहयोगी तेदेपा ने राजग को समर्थन देने की बात दोहरायी है। इससे सरकार के गठन को लेकर निवेशकों की चिंता दूर हुई है और हाल ही जिन शेयरों में गिरावट आई, उसमें लिवाली देखने को मिली।

■ सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग

■ बैंक, वाहन व पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

■ निवेशकों को हुआ 13 लाख करोड़ से अधिक का लाभ

*बाजार की नजर अब मौद्रिक नीति पर :* *जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "राजनीतिक स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित होने के साथ बाजार में चौतरफा लिवाली से तेजी लौटी। हालांकि, सभी की नजर सरकार के गठन और इस सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति पर होगी।"*



### निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

शेयर बाजार में मंगलवार को आई गिरावट की बुधवार को कुछ हद तक भरपाई हुई, जिससे निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। दलाल पथ पर सकारात्मक धारणा लौटने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को 13,22,847.05 करोड़ रुपये बढ़कर 4,08,06,552.32 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

### ये शेयर रहे बढ़त में

सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे।

### अदाणी के शेयरों में उछाल

अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अदानी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई। एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस 2.67 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अदाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया।

## सरकारी खजाने में कोल इंडिया का योगदान घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई की अवधि में सरकारी खजाने में योगदान 2.2 प्रतिशत घटकर 9,560.28 करोड़ रुपये रह गया है। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली कोल इंडिया लिमिटेड ने एक साल पहले की अवधि में सरकारी खजाने में 9,777.64 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। मई में सरकार को भुगतान किया गया कुल शुल्क पिछले साल के इसी महीने में भुगतान किए गए 4,716.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,763.20 करोड़ रुपये हो गए। केंद्र और राज्य सरकारों को दी जाने वाली राशि में रॉयल्टी, जीएसटी, कोयले पर उपकर और अन्य शुल्क शामिल हैं। कोयला उत्पादन से केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता है। वित्त वर्ष 2023-24 के पहले दो माह में सरकारी खजाने में भुगतान की गई कुल राशि में से झारखंड राज्य सरकार को सबसे अधिक 2,122.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

**PUBLIC NOTICE**

My mother Late Mrs Usha Dwivedi and I Dr Shreyash Tiwary booked a flat No 1109, Tower A2 in Ecovillage 1 Greater Noida where I was the applicant and My mother was the Co applicant. Now after her demise I have requested M/s Supertech Ltd. to reissue the allotment letter in my name. If anybody has any objection he/she may contact M/s Supertech Ltd. at their headquarters in office E square, Plot No C2, Sector 96 NOIDA (UP) within 15 days of this notice. Shreyash Tiwary, A 51 Swasthya vihar, New Delhi, Delhi

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः– | 30-Elect-28-T-2024-25-E3 निम्नलिखित के संबंध में विद्युत कार्य (i) विद्युत प्रशिक्षण केंद्र गाजियाबाद में छात्रावास भवन का विस्तार। (ii) ADEN/E-III के तहत SSE/W/TH के सेक्शन में ड्रग स्टोर के ऊपर T&P रूम, किचन और स्टोर्स का निर्माण। |
| निविदा की अनुमानित लागतः– | रू० 39.93 लाख |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः– | रू0 79900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 28.06.2024, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 28.06.2024, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः– | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 1679/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चांदी में 1200, सोने 80 रुपये की बड़ी गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

■ चांदी घटकर 91,900 रुपए प्रति किलोग्राम रह गयी

चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,332 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से तीन डॉलर की गिरावट है। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और तकनीकी बिकवाली के दबाव के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि अमेरिकी श्रम बाजार में कमजोरी के संकेत थे।



*वैश्विक बाजार में चांदी में गिरावटः गांधी ने कहा, 'इससे यह उम्मीद और मजबूत हुई है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व जल्द ही ब्याज दरों में कमी करेगा।' इसके अलावा, चांदी भी गिरकर 29.75 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

## ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी 10 जून को लाएगी आईपीओ

**नई दिल्ली।** ट्रैवल बुकिंग मंच इक्सिगो का परिचालन करने वाली ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड 10 जून को अपना आईपीओ लाएगी। ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड की योजना आईपीओ के जरिए 740 करोड़ रुपये तक जुटाने की है। कंपनी ने घोषणा की कि 88 रुपये से 93 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरा वाला यह निर्गम 10 जून को खुलेगा और 12 जून को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक सात जून को बोली लगा पाएंगे। गुरुग्राम स्थित कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 120 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 620 करोड़ रुपये के मूल्य के 6.66 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। इस प्रकार सार्वजनिक निर्गम का आकार 740 करोड़ रुपये बैठता है। बयान के अनुसार, इस राशि का इस्तेमाल कंपनी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं पूरी करने, प्रौद्योगिकी के साथ-साथ डेटा विज्ञान में निवेश करने, अधिग्रहण के जरिए वृद्धि करने और सामान्य कामकाजी मकसदों के लिए करेगी।

## नजारा की अनुषंगी एब्सोल्यूट सोपसेंट्रल का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** नजारा टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स ने अमेरिकी मनोरंजन सामग्री वेबसाइट सोपसेंट्रल.कॉम को 14 लाख अमेरिकी डॉलर (11.6 करोड़ रुपये) नकद में खरीदने की बुधवार को घोषणा की।

ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी 10 जून को लाएगी आईपीओः नई दिल्ली। ट्रैवल बुकिंग मंच इक्सिगो का परिचालन करने वाली ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड 10 जून को अपना आईपीओ लाएगी।

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है।

## घरेलू हवाई यातायात 16.4 करोड़ यात्री पर पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में भारत का घरेलू हवाई यातायात छह से आठ प्रतिशत बढ़कर 16.1 से 16.4 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। विमानन सलाहकार फर्म सीएपीए इंडिया ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात 9-11 प्रतिशत बढ़कर 7.5 से 7.8 करोड़ होने का अनुमान है। घरेलू एयरलाइन कंपनियों को इस वित्त वर्ष में चार से से छह करोड़ डॉलर की सीमा में एकीकृत घाटा होने का अनुमान है।

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान

**बाबा अकबर खान**

स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट गृहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।

9810842229

बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**गुमशुदा की तलाश**



इस्माईल खान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **इस्माईल खान, पुत्रः राशिद खान, पताः ई–117/77, झुग्गी, सुंदर नगरी, दिल्ली जोकि दिनांक 14.04.2024 को सुबह करीब 04:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 43 A, dated 17.04.2024,** पुलिस थाना, नंद नगरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः इस्माईल खान, उम्रः 60 वर्ष, कदः 4'8'', रंगः गेहुँआ, शरीरः पतला, पहचानः दिमाग असामान्य, पहनावाः ग्रे रंग का कुर्ता, पायजामा और पैरों में जूते।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in

फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली
फोन: 011-22583307, 8750870733

DP/5384/NE/2024

**गुमशुदा की तलाश**



चन्दन कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **चन्दन कुमार, पुत्रः किस्तु पंडित, पताः गली नं. 13, पश्चिम कमाल विहार कमालपुर, बुराड़ी, दिल्ली जोकि दिनांक 08.05.2024 को दोपहर 03:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 0097A, दिनांक 13.05.2024** पुलिस थाना, बुराड़ी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुनशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः चन्दन कुमार, उम्रः 35 वर्ष, कदः 5'5'', रंगः सांवला, पहनावाः हरे रंग की टी–शर्ट और पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in

फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली
फोन: 011-27676844, 27676855, 9953745253

DP/5752/N/2024

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5533



**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5532 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |



# ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर, अमेरिका के खिलाफ अभियान शुरू करेगा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

विश्व टेस्ट चैंपियन गदा और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप में गुरुवार को यहां जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर है। टी20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता। एक साल बाद हालांकि घरेलू मैदान पर टीम लीग चरण से भी आगे बढ़ने में नाकाम रही।



**मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं**

*ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं।*

### एकादश में करेगा प्रयोग

ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप चरण में अपनी एकादश के साथ प्रयोग कर सकती है। लेग स्पिनर एडम जंपा की टीम में अहम भूमिका होगी जबकि बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर को भी मौका मिलने की उम्मीद है। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की अनुभवी तेज गेंदबाजी तिकड़ी हमेशा की तरह विश्वसनीय है।

### ओमान को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

ओमान को नामीबिया के खिलाफ अपने पहले मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को सुपर ओवर में खींचा। टीम को हालांकि अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करना है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जंपा।

**ओमान :** आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, अयान खान, कश्यप प्रजापति, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, प्रतीक आठवले, नसीम खुशी, खालिद कैल, मेहरान खान, बिलाल खान, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद, रफीउल्लाह। रिजर्वः जतिंदर सिंह, समय श्रीवास्तव, सुफियान महमूद, जय ओडेड्रा।

## बाबर की टीम जीत की प्रबल दावेदार



दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। पाकिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला गंवाया जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसे 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टी20 विश्व कप की उसकी तैयारियां काफी अच्छी नहीं रहीं।

## टी20 विश्व कप : टीम इंडिया ने 97 रन का लक्ष्य 13वें ओवर में चेज किया

# भारत ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराया

- *रोहित शर्मा ने ताबड़ तोड़ 52 रन बनाए*
- *रोहित को बाजू में लगी चोट ने बढ़ाई परेशानी*
- *अब भारत का अगला मुकाबला नौ को पाकिस्तान के साथ*

एजेंसी ▶▶| डलास

भाषा. न्यूयॉर्क। कप्तान रोहित शर्मा को बाजू में लगी चोट ने भारतीय खेमे को चिंता में डाल दिया हालांकि चौतरफा तेज आक्रमण के दम पर भारत ने टी20 विश्व कप में अपने पहले मैच में बुधवार को आयरलैंड को आठ विकेट से हराया । भारत को अब नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलना है लेकिन रोहित की चोट चिंता का सबब बन गई है । रोहित ने 37 गेंद में 52 रन बनाये लेकिन गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज जोश लिटिल की शॉर्टपिच गेंद पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में वह चूके और गेंद उनकी दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में जा लगी। असमान उछाल और अतिरिक्त सीम वाली 'ड्रॉप इन पिच' पर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत भी नहीं पड़ी । अर्शदीप सिंह और आईपीएल की नाकामी को पीछे छोड़कर तरोताजा होकर उतरे हार्दिक पंड्या ने उम्दा गेंदबाजी करके आयरलैंड को 16 ओवर में 96 रन पर समेट दिया । अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिये जबकि हार्दिक पंड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाये । जसप्रीत बुमराह ने तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट लिये और मोहम्मद सिराज ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट लिया। भारत के चौतरफा तेज आक्रमण को मिल रही स्विंग, सीम और अतिरिक्त उछाल के सामने आयरलैंड के बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सके । भारत के लिये 16 में से 14 ओवर तेज गेंदबाजों ने फेंके। आयरलैंड के लिये जेरेथ डेलानी (14 गेंद में 20 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज 20 रन के पार नहीं जा सका । डेलानी की पारी की बदौलत आयरलैंड टीम 100 रन के आसपास पहुंची । बाद में रोहित ने अपने बेहतरीन स्ट्रोक्स से दर्शकों का मनोरंजन किया ।

भारत ने 12 . 2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया । विराट कोहली (1) और सूर्यकुमार यादव (2) बल्लेबाजी के अभ्यास से चूक गए जबकि तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत ने नाबाद 36 रन बनाये । भारतीय टीम को खेलते देखने आये भारतीय दर्शकों को टीम के इस प्रदर्शन ने खुश कर दिया । लेकिन पिच की प्रकृति को लेकर काफी सवाल उठ रहे हैं।



### आयरलैंड-96/10 (16)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| एंडी बालबर्नी बो अर्शदीप | 5 |
| पॉल स्टर्लिंग का पंत बो अर्शदीप | 2 |
| लोरकान टकर बो पंड्या | 10 |
| हैरी टेक्टर का कोहली बो बुमराह | 4 |
| कुर्टिस कैंफर का पंत बो पंड्या | 12 |
| जॉर्ज डॉकरेल का बुमराह बो सिराज | 3 |
| जेरेथ डेलानी रन आउट | 26 |
| मार्क एडेयर का दुबे बो पंड्या | 3 |
| बैरी मैकार्थी का और बो पटेल | 0 |
| जोश लिटिल बो बुमराह | 14 |
| बेन व्हाइट नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : 15 रन
कुल योग : 16 ओवर में 96 रन
विकेट पतन : 1 . 7, 2 . 9, 3 . 28, 4 . 36, 5 . 44, 6 . 46, 7 . 49, 8 . 50, 9 . 77
**गेंदबाजी :**
अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1
बुमराह 3-1-6-2, पंड्या 4-1-27-3
अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

### भारत- 97/2(12.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट | 52 |
| विराट कोहली का व्हाइट बो एडेयर | 1 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 36 |
| सूर्यकुमार का डॉकरेल बो व्हाइट | 2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : छह रन
कुल योग : 12 . 2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन
विकेट पतन : 1 . 22, 1 . 76 (रोहित शर्मा, रिटायर्ड हर्ट), 2 . 91
**गेंदबाजी :**
एडेयर 4-0-27-1, लिटिल 4-0-42-0
मैकार्थी 2.2-0-18-0, कैम्फर 1-0-4-0
व्हाइट 1-0-6-1

### नीदरलैंड की छह विकेट से बड़ी जीत नेपाल 106 पर ढेर, टिम को 3 विकेट

डलास (एजेंसी)। नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मंगलवार देर रात को यहां नेपाल को छह विकेट से हराया। नेपाल की पारी को 19.2 ओवर में 106 रन पर समेटने के बाद नीदरलैंड ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 109 रन बनाकर इस जीत से दो अंक हासिल किए। मैक्स ओ'डाउड ने 48 गेंद की 54 रन की नाबाद पारी में चार चौके और एक छक्का लगाने के साथ एक छोर संभाले रखा। मैन ऑफ द मैच टिम प्रिंगल ने 20 रन देकर तीन जबकि लोगन वैन बीक ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पॉल वैन मीकरेन और बास डलीडे को दो-दो सफलता मिली। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया और लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे। नेपाल की ओर से कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। उन्होंने 37 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए। निचले क्रम में करण केसी (17) और गुलशन झा (14) ने दोहरे अंक में रन बनाकर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया।

फ्रेंच ओपन

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने अंतिम-4 में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7, 6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की।

तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।

## सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर




एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्लूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गई।

## खबर संक्षेप



### यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय 'सुपर बाउल' के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी। दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया गया है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था।

## नार्वे शतरंज : कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा, जीती वैशाली




एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो कारुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। नाकामूरा के 13.5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं।

कारुआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

### तीनों क्लासिकल बाजी ड्रॉ

पुरुष वर्ग में तीनों क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही जिसके बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी खेली गई। कार्लसन ने आर्मागेडोन बाजी में प्रज्ञानानंदा को हराया। आर्मागेडोन बाजी में सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को 10 जबकि काले मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को सात अंक मिलते हैं। सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को हालांकि बाजी जीतनी होती है। क्लासिकल बाजी जीतने पर खिलाड़ी को तीन अंक जबकि आर्मागेडोन बाजी जीतने पर डेढ़ अंक मिलते हैं और हारने पर एक अंक मिलता है।

## अश्विन की सीएसके परिवार में वापसी हाई परफॉर्मेंस केंद्र की मिली कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन चेन्नई सुपर किंग्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर की कमान संभालने के लिए तैयार हैं, जिससे संभवतः उस फ्रेंचाइजी में उनकी वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने बताया कि अश्विन केंद्र के साथ-साथ भारत और विदेशों में टीम की विभिन्न अकादमियों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। यह केंद्र चेन्नई के बाहरी इलाके में स्थित है। सैंतीस साल के अश्विन हाल ही में अनिल कुंबले के बाद टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे गेंदबाज बने है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में 2009 से 2015 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे। आईपीएल के लिए इस साल बड़ी नीलामी होनी है और ऐसे में अगर अश्विन बोली का हिस्सा होते है तो सीएसके उन्हें अपनी टीम से जोड़ने की कोशिश कर सकती है। अश्विन 2022 सत्र से राजस्थान रॉयल्स टीम के सदस्य है।



कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला आज

# छेत्री को जीत के साथ विदाई देना चाहेगा भारत

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

करिश्माई फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री गुरुवार को यहां जब कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में आखिरी बार मैदान पर भारत की अगुवाई करेंगे तो भावनाएं उफान पर होंगी और टीम उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। भारतीय टीम के लिए यह मैच करो या मरो की तरह है। टीम अगर इस मैच को जीतती है तो वह पहली बार 18 टीमों के क्वालीफायर के अंतिम चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए काफी बेहतर स्थिति में होगी।

छेत्री पिछले 19 साल से भारतीय फुटबॉल के ध्वज वाहक रहे हैं और 39 वर्ष का यह खिलाड़ी खुद भी टीम के लिए अपना सब कुछ झोंकने के लिए तैयार होगा। चार-चार टीमों के नौ समूहों में से शीर्ष दो टीमें क्वालिफिकेशन के तीसरे चरण में पहुंचेंगी। फीफा ने विश्व कप में एशिया के कोटे में आठ बर्थ का इजाफा किया है और तीसरे चरण के बाद ही इसे हासिल करने वालों का फैसला होगा। उत्तरी अमेरिका में होने वाले 2026 विश्व कप में भारतीय टीम की कल्पना करना थोड़े दूर के सपने की तरह है। कुवैत पर जीत से हालांकि टीम को कम से कम 10 मैचों में एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है। टीम को इसके साथ बेहतर टीमों के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने का भी मौका मिलेगा।



### भारत के चार मैचों में 12 अंक


भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। अफगानिस्तान गोल अंतर से पिछड़कर तीसरे स्थान पर है। कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। भारतीय टीम अगर कुवैत को हराने में सफल रहती है तो वह अफगानिस्तान पर बढ़त बना सकती है। अफगानिस्तान गुरुवार को ही कतर का सामना करेगा। अफगानिस्तान गोल अंतर के मामले में भारत से सात गोल पीछे है और भारत की जीत के बाद उसके लिए इस अंतर को पाटना काफी मुश्किल होगा।




**कंपनी ने बताया-अच्छी स्थिति में है एयरलाइन**

# एयर इंडिया 100 से ज्यादा एयरक्राफ्ट में करेगी सुधार



*एयर इंडिया 100 से अधिक विमानों में सुधार करेगी और विमानों में नवीनीकरण के लिए करीब 25,000 सीट का ठेका भी दिया गया है, एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 69 विमानों का बेड़ा है और वह हर रोज करीब 350 फ्लाइट ऑपरेट करती है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने कहा है कि वह अपने 100 से ज्यादा विमानों में सुधार करेगी। इन विमानों में 40 बड़े आकार के विमानों में सुधार करने की तैयारी है।

जानकारी के अनुसार कंपनी के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा कि बेड़े में सुधार के लिए उसने करीब 25,000 विमान सीट का ठेका दिया है।

विल्सन ने एयर इंडिया में बदलाव के तहत बहुत सी चीजें जारी होने की बात पर जोर दिया और कहा कि एकीकरण, वृद्धि, अनुकूलन और ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### कई रूट पर नई फ्लाइट शुरू करने की तैयारी में

*टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस नए वित्तीय वर्ष में 40 प्रतिशत ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करेगी। एयरलाइन की योजना डोमेस्टिक रूट पर अपनी मौजूदगी को जोरदार तरीके से मजबूत करना है। आने वाले समय में इंटरनेशनल फ्लाइट्स के नेटवर्क में थोड़ी बढ़त देखी जा सकती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 69 विमानों का बेड़ा है और वह हर रोज करीब 350 फ्लाइट ऑपरेट करती है। एयर इंडिया कई रूट पर नए फ्लाइट शुरू करने की तैयारी में है।*

### एयर इंडिया करेगी विलय

टाटा समूह अपने विमानन व्यवसाय को मजबूत करने के लिए एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व नाम एयरएशिया इंडिया) का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक ने 'सीएपीए इंडिया एविएशन समिट' में कहा कि समूह में अत्यधिक जुझारुपन है, चाहे वह पूर्ण या कम लागत वाली सेवाएं हों। और अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया 100 से अधिक विमान में सुधार करेगी और विमानों में नवीनीकरण के लिए करीब 25,000 सीट का ठेका भी दिया गया है। एयरलाइन उद्योग की लागत के बारे में विल्सन ने कहा कि हवाई किराए समग्र मुद्रास्फीति की तुलना में कम ही रहे हैं।

**मेलोनी बोलीं- इटली-भारत की दोस्ती को और मजबूत करेंगे**

# दुनिया के 50 देशों ने पीएम नरेंद्र मोदी को दी बधाई इजराइल ने कहा हमारे रिश्ते नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित हो गए हैं। भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर पाई। चुनाव से पहले ही विदेश दौरों को स्वीकार करने वाले नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए दूसरी पार्टियों पर निर्भर हैं। नरेंद्र मोदी अगर एक बार फिर से पीएम बनते हैं तो वे जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री होंगे।

मोदी को दुनिया भर से बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए हैं। अब तक 50 से ज्यादा वर्ल्ड लीडर्स सोशल मीडिया और लेटर्स के जरिए मोदी को बधाई दे चुके हैं। इनमें बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना से लेकर साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यूनसुक यिओल तक शामिल हैं।

*लोकसभा चुनावों में एनडीए ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बन सकते हैं। ऐसे में दुनियाभर से 50 से अधिक वैश्विक नेताओं ने सोशल मीडिया और लेटर्स के जरिए उन्हें बधाई दी।*







### चीन और ताइवान ने भी दी पीएम को बधाई

इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी ने चुनाव में जीत और अच्छे काम के लिए शुभकामनाएं दीं। हम इटली और भारत को एकजुट करने वाली दोस्ती को मजबूत करेंगे। हम दोनों देशों और हमारे लोगों की भलाई से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### नेपाल-भूटान के लीडर्स बोले- मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयां छुएगा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर बधाई दी। दहल ने एक पोस्ट कर लिखा कि एनडीए को दुनिया में सबसे बड़े चुनाव में तीसरी बार जीत के लिए बधाई। पीएम मोदी की जीत से भारत नई ऊंचाई छुएगा।

### लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अमेरिका ने भारतीयों को दी बधाई

**वॉशिंगटन।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और देश में एक बार फिर भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनने वाली है। मंगलवार को जारी रुझानों के अनुसार, इंडिया गठबंधन भी बहुमत से ज्यादा दूर नहीं था। लोकसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के बाद अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी। अमेरिका ने लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक भाग लेने और इसे खत्म कराने में भारत सरकार की सराहना की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस दौरान विदेश ताकतों के दखल के आरोपों का किया खंडन भी किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। भले ही तीन हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरकार भाजपा नीत एनडीए को बहुमत मिल ही गया।

### जेलेंस्की बोले- एनडीए को बधाई

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत में हुए चुनावों की सहराना की है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि एनडीए को भारत के संसदीय चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर बधाई। मैं भारत के लोगों के लिए शांति, समृद्धि की कामना करता हूं। भारत-यूक्रेन एक जैसे मूल्य और इतिहास साझा करते है।

### सत्ता में आते ही भारत से विवाद बढ़ाने वाले मुइज्जू ने भी मोदी को बधाई दी

चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए मेरे दोस्त मोदी और एनडीए को शुभकामनाएं। वे भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। मैं दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

### मॉरीशस के पीएम ने दी बधाई

मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनॉथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव में जीत पर बधाई दी है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र ऐसे ही विकास करता रहेगा। मॉरीशस-भारत के संबंध हमेशा अमर रहें।

### अमेरिका ने की भारत सरकार की सराहना

*चुनाव आयोग ने मंगलवार को लोकसभा की 543 सीटों के नतीजे जारी किए, जिसमें भाजपा ने 240 सीटों पर और कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की। नतीजे जारी होने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरफ से लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक भाग लेने और इसे खत्म कराने के लिए हम भारत सरकार और मतदाताओं का धन्यवाद करते हैं। हम अंतिम परिणाम देखने के लिए उत्सुक हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए मिलर ने कहा कि मैं इस चुनाव में विजेताओं और हारने वालों को लेकर कोई टिप्पणी नहीं करने वाला हूं, जैसा कि हमारे मामलों में अक्सर होता है। हमारे लिए जो महत्वपूर्ण है और पिछले छह हफ्तों में हमने जो देखा वह लोकतंत्र के इतिहास का सबसे बड़ा अभ्यास है।*

**छात्रा की लापता होने की खबर 30 मई को मिली थी**

# लॉस एंजिलिस से एक हफ्ते पहले गायब हुई थी भारतीय छात्रा अब मिली सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ वांशिगटन

छात्रा नितिशा कंडुला 28 मई से लापता थीं। पुलिस ने बताया था कि छात्रा को आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखा गया था और उसके लापता होने की खबर 30 मई को मिली थी। अमेरिका में भारतीयों छात्रों का गायब होना या उन पर हमला होना आम बात हो गई है।

हाल ही में कैलिफोर्निया में 23 साल की एक भारतीय छात्रा लापता हो गई थी। उसका एक हफ्ते तक कुछ पता नहीं लगा था। यहां तक कि पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए लोगों की मदद मांगी थी। हालांकि, अब राहत की खबर है। छात्रा का पता लगा लिया गया है। वह सुरक्षित है। फिलहाल पुलिस ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

### अब तक आठ छात्र मृत मिले



इस साल कई भारतीय छात्रों के लापता होने या मृत पाए जाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। इस साल यानी 2024 में अमेरिका में आठ भारतीय और भारतीय मूल के छात्रों की मौत हो चुकी है। भारतीय छात्रों पर लगातार हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस वजह से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में डर का माहौल है। अप्रैल में एक 25 साल का भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफत अमेरिका के ओहियो राज्य के क्लीवलैंड में मृत पाया गया था। वह हैदराबाद का रहने वाला था और क्लीवलैंड विश्वविद्यालय में आईटी का छात्र था।







# सुनीता विलियम्स ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के लिए रवाना

**विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी**



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बुधवार को अपने एक सहकर्मी के साथ ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के लिए उड़ान भरी। वह नासा के बोइंग स्टारलाइनर से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना हुईं। यह इस अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान है और सुनीता इसमें उड़ान भरने वालीं पहली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं। यह उनका अंतरिक्ष में तीसरा अभियान है। नासा ने कहा कि बोइंग स्टारलाइनर के कैलिप्सो कैप्सूल को ले जाने वाले एटलस वी रॉकेट ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।

इस उड़ान में विलियम्स और उनके सहयात्री बैरी बुच अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा में 24 घंटे से अधिक समय बिताएंगे। उनके गुरुवार दोपहर 12:15 पर वहां पहुंचने की उम्मीद है। इससे पहले कई तकनीकी दिक्कतों के कारण उड़ान भरने से कुछ ही मिनट पहले लॉन्च को दो बार रोकना पड़ा था।

इस कार्यक्रम के तहत नासा के अंतरिक्ष यात्री लगभग एक सप्ताह तक कई तरह के परीक्षण करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर रहेंगे।

**पॉलिटिकल प्रेशर को लेकर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा**

# चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश सीजेआई ने डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है, वहीं न्यायाधीश व्यवस्था की रक्षा करने वाले संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं।

जानकारी के अनुसार सीजेआई चंद्रचूड़ प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में, समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। भारत के प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचने में मदद करना है।

### नहीं करना पड़ा राजनीतिक दबाव का सामना

*उन्होंने भारत के आम चुनावों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, "चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है... भारत में न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते और इसका एक कारण यह भी है कि न्यायाधीश हालातों और संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं।" सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, "लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसमें हम परंपरा की भावना को प्रदर्शित करते हैं और साथ ही इस भावना को भी प्रदर्शित करते हैं ।*



### फैसले का नहीं करूंगा बचाव

उन्होंने कहा कि हमारा जीवन सरकार की राजनीतिक शाखा से बिल्कुल अलग है... लेकिन स्पष्ट रूप से न्यायाधीशों को अपने निर्णयों के व्यापक राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव से परिचित होना चाहिए। विद्यार्थियों ने सीजेआई चंद्रचूड़ से पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय की ओर से विशेष विवाह अधिनियम पर सुनाए गए फैसले के बारे में सवाल पूछा जिसमें भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109